राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 335 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



# देवा भाऊ आला रे...फडणवीस ने ली शपथ

● देवेंद्र ने 10 साल में तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, शिंदे ने शपथ के पहले बालासाहेब का नाम लिया; अजित छठी बार डिप्टी सीएम बने, महाराष्ट्र चुनाव रिजल्ट के 13 दिन बाद नई सरकार बन गई

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबईः महा**राष्ट्र चुनाव रिजल्ट के 13 दिन बाद नई सरकार बन गई। देवेंद्र फडणवीस ने 10 साल में तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। ऐसा करने वाले वह भाजपा के पहले नेता हैं। शपथ के बाद वे पीएम मोदी के पास गए और अभिनंदन किया।

फडणवीस के बाद पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। शपथ से पहले उन्होंने बाला साहेब ठाकरे और आनंद दिघे का नाम लिया। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह को धन्यवाद दिया। वे राज्य के दूसरे नेता हैं जो सीएम के बाद डिप्टी सीएम बने।

शिंदे के बाद एनसीपी नेता अजित पवार ने डिप्टी सीएम की शपथ ली। वह छठी बार राज्य के डिप्टी सीएम बने। वह महायुति और महाविकास अघाड़ी दोनों गठबंधन की सरकार में डिप्टी सीएम रहने वाले महाराष्ट्र





के पहले नेता बन गए हैं। शपथ समारोह मुंबई के आजाद मैदान में शाम 5:31 बजे शुरू हुआ, जो 16 मिनट यानी, 5:47 बजे तक चला। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के सामने तीनों नेताओं ने मराठी में शपथ ली। समारोह में पीएम मोदी, अमित शाह, नितिन गडकरी के अलावा नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू समेत एनडीए शासित 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सीएम और डिप्टी सीएम शामिल हुए।

**शपथ लेने जाने से पहले देवेंद्र फडणवीस की मां ने उनका तिलक किया**

शपथ लेने जाने से पहले देवेंद्र फडणवीस की मां ने उनका तिलक किया।

मंत्रियों ने शपथ नहीं ली सीएम और दोनों डिप्टी सीएम के अलावा किसी मंत्री को शपथ नहीं दिलाई गई। हालांकि महायुति के बीच कैबिनेट बंटवारे को लेकर 6-1 का फॉर्मूला तय हुआ है। यानी 6 विधायक पर एक मंत्री पद मिलेगा।

इसके तहत भाजपा को 20 से 22 मंत्री पद, एकनाथ शिंदे गुट को 12 और अजित पवार गुट को 9 से 10 मंत्री पद दिए जा सकते हैं। शपथ समारोह के बाद महायुती की बैठक होगी। आगे की रणनीति और मंत्रिमंडल के गठन पर चर्चा होगी।

## आखिर एकनाथ शिंदे मान गए!



**भारतीय** जनता पार्टी के नेता गिरीश महाजन के साथ चर्चा के बाद महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुरुवार को आजाद मैदान में आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के लिए तैयार हो गए। महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री और शिवसेना शिंदे समूह के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एपी) के अध्यक्ष अजीत पवार ने भी उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। अजीत पवार ने छठवीं बार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, रामदास आठवले, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई राजनेता मौजूद रहे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उद्योगपति मुकेश अंबानी सपरिवार उपस्थित थे, जबकि भारत रत्न क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, फिल्म स्टार शाहरुख खान, सलमान खान, संजय दत्त, फिल्म अमिनेत्री माधुरी दीक्षित सहित फिल्म जगत की नामी हस्तियां कार्यक्रम में उपस्थित थीं। इस कार्यक्रम में शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे को भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन यह लोग किन्हीं कारणों से शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके।

# फडणवीस 22 साल की उम्र में पार्षद और 27 में बने थे मेयर

खास बात यह है कि देवेंद्र फडणवीस के पिता महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य भी रह चुके थे। जब देवेंद्र फडणवीस की उम्र महज 17 साल की थी, तब उनके पिता का देहांत हो गया। देवेंद्र फडणवीस लॉ स्नातक हैं। उन्होंने बिजनेस मैनेजमेंट और जर्मनी से प्रोजेक्ट मैनेजमेंट की पढ़ाई की है। वह नितिन गडकरी के विंग का हिस्सा भी रह चुके हैं। कॉलेज के बाद देवेंद्र फडणवीस राजनीति में एकदम सक्रिय हो गए। 22 साल की उम्र में फडणवीस ने 1992 में नागपुर नगर पालिका के चुनाव में पार्षद का चुनाव जीता। पांच साल बाद ही उनकी किस्मत एकदम से पलटी और 1997 में महज



27 साल की उम्र में फडणवीस नागपुर नगर पालिका के मेयर बने। दो साल बाद ही उनके जीवन में एक नई उपलब्धि जुड़ी। साल 1999 में देवेंद्र फडणवीस ने पहली बार विधानसभा का चुनाव जीता।

तब से जीत का यह सिलसिला जारी है। दूसरे सबसे युवा सीएम बने फडणवीस 2013 में भाजपा ने फडणवीस को महाराष्ट्र इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। उनकी अध्यक्षता में भाजपा ने 2014

**समंदर हूं...**

**कॉलेज के बाद फडणवीस राजनीति में एकदम सक्रिय हो गए। 1992 में चुनाव में पार्षद का चुनाव जीता**

विधानसभा चुनाव में सबसे अधिक 122 सीटों पर चुनाव जीता। भाजपा ने 63 सीटों पर चुनाव जीतने वाली शिवसेना के साथ गठबंधन में सरकार बनाई। 2014 में महज 44 साल की उम्र में फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शरद पवार के बाद देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के दूसरे सबसे युवा सीएम बने। 1978 में 38 साल की उम्र में शरद पवार ने सबसे युवा मुख्यमंत्री की शपथ ली थी।

**दूसरी बार सिर्फ 80 घंटे रहे सीएम**

2019 में देवेंद्र फडणवीस ने दूसरी बार सीएम पद की शपथ ली। मगर अजित पवार के सहयोग से बनी यह सरकार महज 80 घंटों में ही धराशायी हो गई। यह सियासी ड्रामा 22 और 23 नवंबर 2019 को चला। इसके बाद उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री बने। मगर 2022 में शिवसेना के एकनाथ शिंदे ने बगावत कर दी।

# स्कूल से नाम कटवाकर किया था इंदिरा का विरोध

**साल 2014 में देवेंद्र पहली बार मुख्यमंत्री बने थे।**

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने। 22 जुलाई 1970 को नागपुर में जन्मे देवेंद्र फडणवीस छात्र जीवन से ही राजनीति में कूद गए थे। फडणवीस ने अपना राजनीति करियर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और बाद में भाजपा के वार्ड संयोजक के रूप में शुरू किया। यहां से शुरू हुई उनकी राजनीतिक यात्रा दो बार सीएम



की कुर्सी तक पहुंच चुकी है और अब तीसरी बार शपथ लेंगे। अदेवेंद्र फडणवीस का ताल्लुक मराठी ब्राह्मण परिवार से है। पूरा नाम देवेंद्र गंगाधर राव फडणवीस है।







# पीआरपीसी द्वारा दो दिवसीय ग्रामी खेल-कूद प्रतियोगिता का शानदार सुभारंभ

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
पानीपत एवं करनाल के रिफाइनरी के आसपास के गांवों में खेल संस्कृति को और अधिक बढ़ावा देने हेतु दो दिवसीय (05-06 दिसम्बर, 2024) ग्रामीण खेल-कूद प्रतियोगिता का पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स द्वारा आयोजन किया गया है। ग्रामीण खेल-कूद की इस बड़े आयोजन का विधिवत उद्घाटन श्री एम एल डहरिया, कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख (पीआरपीसी) ने आज दिनांक 05 दिसम्बर को किया। इस अवसर पर पीआरपीसी के सभी मुख्य-महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारीगण, कमांडेंट (सीआईएसएफ), ऑफिसर्स एसोसिएशन, कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि तथा आसपास के गांवों के सरपंच एवं गणमान्य लोग, स्कूलों के प्रिंसिपल, शिक्षकगण, शारीरिक प्रशिक्षक व खिलाड़ियों के परिजन भी विशेष रूप से उपस्थित थे। यह आयोजन सीआईएसएफ कॉम्प्लेक्स के खेल के मैदान में किया जा रहा है।
ग्रामीण खेल-कूद इस आयोजन में ट्रैक, फील्ड तथा टीम खेलों की बहुत सी प्रतियोगिताएँ जिसमें प्रमुखतः दौड़ (100, 200 व 400 मीटर), लांग जम्?प, जैवलिन, शॉटपुट जैसे कबड्डी, खो-खो और वॉलीबॉल इत्?यादि शामिल हैं। इन खेलों में जिला पानीपत एवं करनाल के लगभग ३० गांवों के गवर्नमेंट स्कूलों के 14, 17 व 19 वर्ष तक आयुवर्ग के1650 से अधिक खिलाड़ी (लड़के एवं लड़कियां) बड़े उत्साह के साथ भाग ले रहें हैं। सभी प्रतियोगिताएं बड़े ही उत्साह पूर्वक चल रही है और सभी दर्शक चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिताएँ देखकर खिलाड़ियों का होंसला बढ़ाते हुए खेलों का आनंद ले रहें हैं । इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री डहरिया ने कहा कि इंडियनऑयल कार्पोरेशन पिछले तीन दशकों से पूरे देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए अग्रणी भूमिका निभा रहा है और भारत की खेल प्रतिभाओं का विशेष सम्मान करते हुए उन्हे उच्च पदों पर नियुक्त कर रहा है। खेल-कूद में हमारी इस सक्रियता को पहचानते हुए जनवरी 2024 में इंडियनऑयल को भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रतिष्ठित "राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार" से नवाजा गया। पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स भी समय समय पर खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ठ खिलाड़ियों को सम्मानित कर रहा है।

## गांव सिसोठ में दादा ने घोड़ी पर निकाला पोती का बनवारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। गां**व सिसोठ निवासी हवलदार देशराम फौजी ने पोती संजू बाला का बनवारा घोड़ी पर निकालकर बेटा-बेटी एक समान होने का संदेश दिया हैं। संजू बाला पुत्री सतीश कुमार की शादी गांव मालडा सराय के विकास कुमार के संग छह दिसंबर को होनी हैं। इसी खुशी के अवसर पर दादा देशराम हवलदार, दादी भरपाई देवी ने अपनी पोती संजू बाला का बनवारा डीजे के साथ घोड़ी पर निकाला और सामाज में बेटा-बेटी एक समान होने का संदेश दिया। इस दौरान अवसर पर युवा चेतना एवं जागरुकता समिति के उपाध्यक्ष व ममाज टीम सदस्य मुकेश चौहान ने हरियाली का प्रतीक पौधा भेंटकर बेटी को आशीर्वाद दिया।इस अवसर पर पवन, संदीप, सतीश, पारस, दादी भरपाई, माता देवी, प्रियंका, वर्षा , संजय आदि उपस्थित रहें।

## समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं को सुना

**गन्नौर।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते हुए तहसीलदार मनोज कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को समस्याओं से निजात दिलवाने के लिए गंभीरता से लेकर जल्द समाधान करें। तहसीलदार मनोज कुमार ने कहा सभी समस्याओं को अधिकारियों ने गम्भीरता से लेना चाहिए ताकि सरकार द्वारा जनहित में आयोजित समाधान शिविरों में माध्यम से लोगों की समस्याओं का शीघ्रता से निपटारा किया जा सके। सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में वीरवार को भी पेंशन से सम्बंधित 3 शिकायतों ही प्राप्त हुई,जिनकी सुनवाई करते हुए सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि वे सुनिश्चित करें कि समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली हर शिकायत का नियमानुसार निदान किया जाए। अधिकारी समाधान शिविर में आने वाले लोगों को विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में जागरूक करें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी स्वयं भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निरंतर समाधान शिविरों की समीक्षा कर रहे हैं। इस मौके पर नायब तहसीलदार गजे सिंह,बीडीपीओ मुरथल अंकुर कुमार,एसडीओ उत्तर हरियाणा विधुत निगम अभिषेक कौशिक,थाना प्रभारी युद्धवीर हूडा,सब इंस्पेक्टर श्रीनिवास,संदीप कुमार,विकास,अशोक कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे

## शहर के एक मौहल्ले से युवती लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। शहर** के एक मौहल्ले से 21 वर्षीय लड़की संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। जो कॉलेज में पढ़ने के लिए गई थी। लेकिन लौटकर वापस नहीं आई। मां की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शहर थाना में महिला ने शिकायत दी जिसमें उसने बताया कि उसके चार बच्चे हैं। जिसमें दो लड़कियां व एक लड़का बड़ा है। सबसे छोटी लड़की 21 वर्ष की है। वह महिला कॉलेज महेंद्रगढ़ में बीए सेकेंड ईयर में पढ़ती है। 4 दिसंबर को उसकी बेटी घर से सुबह लगभग साढे नौ बजे कॉलेज के लिए कहकर घर से गई थी। लेकिन अभी तक घर वापस नहीं लोटी है। उसकी बेटी का कॉलेज ले जाने वाला बैग व मोबाइल घर पर ही छोड़ गई है। महिला ने बताया कि हमने अपने स्तर पर इधर-उधर व रिश्तेदारियों में बेटी की तलाश की।


## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/निर्माण, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली द्वारा स्थापित एवं विश्वसनीय निविदाकारों से ओपन ई–टेन्डर **सिंगल पैकेट पद्धति** के तहत निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा के प्रकार :** ई–निविदा (सिंगल पैकेट) |
| 2 | **निविदा सूचना संख्या :** 287-सिग./नि./ति.ब्रिज/71/24 |
| 3 | **कार्य का नाम :** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल में चंदौसी जंक्शन–अलीगढ़ जंक्शन सेक्शन के बीच समपार सं. 36/B कि.मी. 69/13-14 और लखनऊ जंक्शन–मुरादाबाद जंक्शन के बीच पिताम्बरपुर यार्ड में समपार सं. 352/C कि.मी. 1288/17-19 पर फ्लाईओवर के निर्माण के संबंध में आवश्यक संकेत एवं दूरसंचार उपकरणों के यूटिलिटी शिफ्टिंग के प्रावधान हेतू। |
| 4 | **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 44,88,337.64/- |
| 5 | **निविदा फार्म की लागत :** शून्य |
| 6 | **बोली प्रतिभूति :** रु. 89,800/- |
| 7 | **कार्य समापन की अवधि :** 06 माह |
| 8 | **निविदा फार्म प्राप्त करने जमा करने एवं खुलने का पता :** दिनांक 05.12.2024 से 02.01.2025 को 11:30 बजे तक भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 9 | **निविदा फार्म प्राप्त करने की अवधि की तिथि व समय :** दिनांक 05.12.2024 से 02.01.2025 को 11:30 बजे तक भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 10 | **निविदा फार्म जमा करने की अवधि की तिथि व समय :** दिनांक 19.12.2024 से 02.01.2025 को 11:30 बजे तक भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जमा किया जाना है। |

**सं.: 287-सिग./नि./ति.ब्रिज/71/24 दिनांकः 05.12.2024** **3743/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी सौरव उर्फ गुल्लन पुत्रः** कन्हैया लाल **पताः** ई–829 मंगोल पुरी, **दिल्ली FIR No. 476/2016, U/S: 308/302/34/452/341/120B IPC, पुलिस थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सौरव उर्फ गुल्लन,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सौरव उर्फ गुल्लन,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सौरव उर्फ गुल्लन, FIR No. 476/2016, U/S: 308/302/34/452/341/120B IPC, पुलिस थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.01.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
बबरू भान
एएसजे–03, कमरा नंबर 304,
रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली
DP/15979/OD/2024
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मधु उर्फ जूली, पुत्रीः अवतार सिंह, पताः म.नं. 322, पंडित मोहल्ला, बारात घर के पास, शुक्ला हाउस, गांव कुंडली, दिल्ली–96** ने **FIR No. 627/2014, U/s 384/506/34 IPC, पुलिस थाना कल्याण पुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मधु उर्फ जूली** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्षित कर दिया गया है कि उक्त **मधु उर्फ जूली** फरार हो गई है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 627/2014, U/s 384/506/34 IPC, पुलिस थाना कल्याण पुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **मधु उर्फ जूली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.01.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री दीपक कुमार
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
पूर्वी जिला, कमरा नं. 29
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/15970/ED/2024

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **गणेश कुमार उर्फ बीरू, पुत्र :** श्री रमेश बहादुर, **पता :** बी–7, राजन बाबू रोड, आदर्श नगर, दिल्ली ने मुकदमा **E-FIR No. 01273/21, U/S 392/411 IPC, थानाः महिन्द्रा पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गणेश कुमार उर्फ बीरू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गणेश कुमार उर्फ बीरू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **E-FIR No. 01273/21, U/S 392/411 IPC, थानाः महिन्द्रा पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गणेश कुमार उर्फ बीरू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
निहारिका कुमार शर्मा
एसीजेएम (उत्तर) रोहिणी
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/15868/NW/2024
(Court Matter)

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **परवीन मलिक पुत्रः** कुलदीप सिंह, **पताः** 1.स्वर्ण पार्क, मुंडका दिल्ली, 2.चावला कॉलोनी, नियर डबल गटक, रोहतक, हरियाणा, 3.गाँव महाराणा खिलोड पाना, जिला झज्जर, हरियाणा ने **FIR No. 516/2018, U/s 376/506 IPC,** थानाः मुखर्जी नगर, जिला उत्तर पश्चिम दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **परवीन मलिक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **परवीन मलिक** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 516/2018, U/s 376/506 IPC,** थानाः मुखर्जी नगर, जिला उत्तर पश्चिम दिल्ली के उक्त अभियुक्त **परवीन मलिक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विपलव दबास
एएसजे (एफटीसी)
उत्तर कमरा नं. 204,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/15989/NW/2024
(Court Matter)

## वांछित व्यक्ति

धारा 9/11 CR Cases देखिए



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दो संदिग्ध व्यक्ति जिसका **(1) नामः अज्ञात उम्रः** लगभग 21–23 वर्ष वर्ष, **लिंगः** पुरूष, **शरीरः** दुबला, **पहनावाः** दो रंग की हुड्डी व काली पैंट और स्पोट्स शूज **(2) नामः अज्ञात उम्रः** अज्ञात वर्ष **लिंगः** पुरूष, **शरीरः** सामान्य, **पहनावाः** जैकेट, काली पैंट व काले जूते और ऊनी टोपी। इस संदर्भ में **FIR No. 401/2020, Dt. 10.11.2020, U/s 457/380 IPC, पुलिस स्टेशन सफदरजंग एन्कलेव, दिल्ली।**
अगर किसी को भी इन दोनों संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर **हेड कांस्टेबल सनी,** फोनः **9560466364, पुलिस स्टेशन सफदरजंग एन्कलेव, दिल्ली** पर सूचित करें।

आदेशानुसार
सुश्री निधि सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
(दक्षिण), कमरा नं0–212,
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली
वेबसाइटः https://cbi.nic.in
DP/15936/SW/2024

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आसिफ पुत्र** एबनी हसीन, **निवासीः** वाई–1697, मंगोलपुरी, दिल्ली, ने **FIR No. 450/2022, U/s 12/09/55 Gambling Act, पुलिस स्टेशन मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली–110083,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आसिफ** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आसिफ** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 450/2022, U/s 12/09/55 Gambling Act, पुलिस स्टेशन मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली–110083,** के उक्त अभियुक्त **आसिफ** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.02.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री ऋषभ कपूर
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05,
उत्तर–पश्चिम जिला, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/15036/OD/2024
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजय दुबे, पुत्रः उमेश दुबे, पताः मकान नं. ए–58 ए, शिव दुर्गा विकास, लक्कड़पुर फरीदाबाद, हरियाणा** ने **FIR No. 10896/21, U/s: 379/411/34 IPC, पुलिस थाना हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अजय दुबे** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **अजय दुबे** फरार हो गया है(या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 10896/21, U/s: 379/411/34 IPC, पुलिस थाना हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली** के अभियुक्त **अजय दुबे** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.01.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री कार्तिक तापड़िया,
जेएमएफसी–03, कमरा नंबर 512
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली
DP/16008/SE/2024

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **कमल कान्त शर्मा पुत्रः** गौरी शंकर शर्मा, **पताः** सी–5/266, ब्रिजपुरी, दिल्ली ने **FIR No. 433/2024, U/s 406/420/120B IPC,** थानाः आनंद विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कमल कान्त शर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कमल कान्त शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 433/2024, U/s 406/420/120B IPC,** थानाः आनंद विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **कमल कान्त शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
तिस्ता शाह
अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
कमरा नं. 62, तीसरी मंजिल, जिला शाहदरा
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/15909/SHD/2024
(Court Matter)


## आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य गुणवत्ता प्रबंधक – I, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा सूचना सं.–**एमसीएफ–आइएसओ–आईरिस–कंसल्टेंसी,** दिनाँक–02.12.2024 के माध्यम से **एकल** पैकेट प्रणाली पर आधारित खुली ई–निविदा भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।
**1. कार्य का नाम :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में कार्य के दायरे के अनुसार, एफडब्ल्यूपी सहित एमसीएफ में पुनः प्रमाणन के लिए आईआरआईएस (आईएसओ 22163:2023) के परामर्श निकाय की नियुक्ति। **2. कार्य की अनुमानित लागत (रुपया में) :** ₹ 8,85,000.00 **3. अमानत राशि (रुपया में) :** ₹ 17,700.00 **4. निविदा प्रपत्र का मूल्य :** ₹ शून्य मात्र। **5. कार्य समापन की अवधि :** 06 माह।
• **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** – दिनांक 26.12.2024 को 15.15 बजे तक। • **निविदा खुलने की तिथि एवं समय** – दिनांक 26.12.2024 को 15.30 बजे तक। • निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन इंडियन रेलवे **IREPS** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

उप मुख्य गुणवत्ता प्रबंधक–I

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/एसएमएस & हाउसकीपिंग, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली पर आधारित खुली निविदा सूचना संख्या – एमसीएफ/आरबीएल/निविदा/छत का निर्माण पूर्ण/2024–25 और 2025–26/सी647 दिनांक 02.12.2024 आईआरईपीएस के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।
**1. कार्य का नाम :** कार्य के दायरे के अनुसार रोबोटिक रूफ लाइन पर छत का निर्माण पूर्ण। **2. कार्य की अनुमानित लागत (₹) :** ₹2,08,31,708.20 **3. निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹) :** शून्य **4. अमानत राशि :** ₹ 2,54,200.00 **5. कार्य की मात्रा :** 919 कोच सेट रूफ। **6. कार्य समापन की अवधि :** 12 माह।
• **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** – दिनांक 03.01.2025 को 15.00 बजे। • निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन **IREPS** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/एसएमएस & हाउसकीपिंग

ई–एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 64/ईटी/2024–25 दिनांकः 02.12.2024

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 05241252 | कॉल बेल एनाउनसीटर फॉर चेयर कार कोचेज | 28 सेट | 31.12.2024 |
| 02 | 03241606 | फिक्सिंग अरेंजमेंट ऑफ गैंगवे सीलिंग फॉर एलएचबी जीएस एंड एससीएन कोचेजस | 348 नग | 24.12.2024 |
| 03 | 12241019ए | पिन ब्राकेट फॉस बोगी बॉडी कनेक्शन | 2147 नग | 27.12.2024 |
| 04 | 12241070 | यॉ डैम्पर फॉर ऑल टाइप ऑफ एलएचबी कोचेज | 881 नग | 11.12.2024 |
| | | सेकेण्डरी लटेरल डैम्पर फॉर फिएट बोगी विद ऐयर स्प्रिंग | 1192 नग | |
| 05 | 05241288 | बैट्री बॉक्स असेम्बली | 849 नग | 02.01.2025 |
| 06 | 05241250 | कम्पोजिट पैंट्री इक्यूपमेंटस फॉर एलएचबी एसी चेयर कार कोचेज | 59 नग | 24.12.2024 |

शुद्धिपत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 59/ईटी/2024–25 दिनांक : 09.11.2024 | टेन्डर नं. 03241971 | निविदा खुलने की तिथि 29.11.2024 के स्थान पर तिथि 06.12.2024 पढ़ें |

**Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in**
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/शैल

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## अवंतिका सांस्कृतिक ओलम्पियार्ड प्रतियोगिता में जीता पदक

**राई। अवंतिका संस्था नई दिल्ली द्वारा आयोजित** मेला अवंतिका सांस्कृतिक ओलम्पियार्ड प्रतियोगिता आयोजित की गई। कक्षा पाँचवीं तक रंग भरो तथा कक्षा छठी से बारहवीं तक निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई। जिनमें ओम शांति शिक्षा सदन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथुपुर के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। दोनों प्रतियोगिताओं में लगभग 180 छात्र छात्राओं ने भाग लिया।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध पुनः स्थापित कर लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

Punjab Land of Unlimited Opportunities

GOVT. OF PUNJAB

मुख्यमंत्री

# भगवंत सिंह मान

द्वारा शहीद-ए-आज़म

# सरदार भगत सिंह

## की 30 फीट ऊंची प्रतिमा देश को समर्पित

(शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, एस.ए.एस नगर, मोहाली)

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के व्हाट्सऐप चैनल से जुड़ें



"शहीद भगत सिंह भारत के युवाओं की अतुलनीय भावना और साहस के प्रतीक हैं। उनका बलिदान हमें सदैव देश के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित करता रहेगा।"

**भगवंत सिंह मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

## न्यूज़ फ्लैश

### रामपुर में खुलेगा हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग का कार्यालय

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

**ऊना:** हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग का कार्यालय ऊना जिले के रामपुर में स्थापित किया जा रहा है। यह कार्यालय ऊना-संतोषगढ़ रोड़ पर कृषि विज्ञान केंद्र के सामने स्थित सरकारी भवन में खोला जाएगा। इसका विधिवत शुभारंभ जल्द ही किया जाएगा, जिससे आयोग अपनी पूरी क्रियाशीलता के साथ कार्य शुरू कर सके। आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने गुरुवार को परिधि गृह ऊना में आयोजित नवगठित राज्य अनुसूचित जाति आयोग की प्रथम औपचारिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह जानकारी दी। बैठक में आयोग के सदस्य अधिवक्ता विजय डोगरा तथा अधिवक्ता दिग्विजय मल्होत्रा और सदस्य सचिव का कार्यभार देख रहे सहायक आयुक्त वरिंद्र शर्मा मौजूद रहे। कुलदीप कुमार ने हिमाचल प्रदेश सरकार के इस महत्वपूर्ण कदम के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऊना में कार्यालय स्थापित करने के फैसले से गरीब और पिछड़े वर्गों को विशेष लाभ होगा। उन्हें न्याय के लिए शिमला का रुख नहीं करना पड़ेगा, बल्कि उन्हें अपने घरद्वार के पास ही सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय न केवल आयोग की कार्यक्षमता को बढ़ाएगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर न्याय और सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। हिमाचल प्रदेश सरकार का यह कदम अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के सशक्तिकरण और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने यह भी कहा कि आयोग अनुसूचित जाति वर्ग के हितों की रक्षा और उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। आयोग का प्राथमिक उद्देश्य दलित और पिछड़े वर्गों को न्याय और सहूलियत प्रदान करना है।

**रामपुर में कार्यालय स्थापना की तैयारियों का लिया जायजा**

आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने बताया कि उन्होंने आयोग के सदस्यों के साथ रामपुर का दौरा कर कार्यालय स्थापना की तैयारियों का निरीक्षण किया है। उन्होंने कहा कि कार्यालय को शीघ्र ही पूरी तरह तैयार कर लिया जाएगा। इसके बाद आयोग अपनी क्रियाशीलता के साथ अनुसूचित जाति वर्ग के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए तत्परता से कार्य आरंभ कर देगा।

### भैरां में दुकान से अवैध शराब बरामद

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

**ऊना:** थाना अंब के तहत भैरां में पुलिस ने एक दुकान से अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने अवैध शराब रखने पर दुकानदार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक अंब पुलिस बुधवार रात्रि भैरां में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर तलाशी ली, वहां से एक पेटी अवैध देसी शराब बरामद हुई। डीएसपी अंब वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने अवैध शराब रखने पर दुकानदार सुखविंद्र कुमार निवासी लोअर भंजाल के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हिमाचल में आठ व नौ दिसम्बर को बारिश-बर्फबारी का अनुमान, अलर्ट जारी

शिमला

हिमाचल प्रदेश में पिछले 70 दिनों से चल रहा सूखे का दौर जल्द खत्म होगा और इंद्रदेव मेहरबान होंगे। राज्य के मैदानी इलाकों में बादल जमकर बरसने वाले हैं। साथ ही हिल्स स्टेशन शिमला और मनाली सहित पहाड़ी इलाकों में बर्फ की सफेद चादर नजर आएगी। मौसम विभाग ने हिमाचल में बारिश और बर्फबारी का पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग ने आठ और नौ दिसंबर को राज्य के सभी मैदानी जिलों में बारिश और ऊंचाई वाले पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी की संभावना जताई है। प्रदेश में अक्टूबर और नवंबर में बारिश नहीं होने से सूखे के हालात बनने लगे हैं और लोग बादलों के बरसने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बारिश नहीं होने से सूखी ठंड पड़ रही है और सुबह पाले की सफेद चादर बिछ रही है।
मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मौसम वैज्ञानिक सोबित कटियार ने गुरुवार को बताया कि सात दिसम्बर की शाम से पश्चिमी विक्षोभ राज्य में सक्रिय होगा और इसका असर आठ से 10 दिसंबर तक रहेगा।

# हिमाचल सिविल डिफेंस का मुख्य उद्देश्य आपदाओं के प्रति जागरूक करना: सिंह

**शुभारंभ**

**कैबिनेट मंत्री ने आपदा प्रबंधन उपकरणों एवं उपाय से संबंधित प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया**



टीम एक्शन इंडिया
चमन शर्मा

**शिमला :** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने आज ऐतिहासिक रिज मैदान पर गृह रक्षा एवं सिविल डिफेंस के 62वें स्थापना दिवस से पूर्व गृह रक्षा विभाग द्वारा आयोजित निष्काम सेवा-सुरक्षित हिमाचल कार्यक्रम के तहत प्रदेश की सभी 12 गृह रक्षा वाहिनियों की अंतर बटालियन बैंड प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।
इस अवसर पर उन्होंने अंतर बटालियन बैंड प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रदेश के सभी 12 वाहिनियों के बैंड प्रतियोगियों को बधाई देते हुए कहा कि गृह रक्षा विभाग निष्काम सेवा एवं नागरिक सुरक्षा के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय स्थिति में नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सेना, नौसेना, वायुसेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ सहयोग के लिए स्वैच्छिक संगठन के रूप में गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा का गठन किया गया था तभी से बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं को कम करने तथा मानवीय आपदाओं के प्रति जनमानस को जागरूक करने का कार्य हिमाचल गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा के कर्मचारी एवं वॉलेंटियर बखूबी निभा रहे हैं इस अवसर पर प्रदेश की सभी 12 गृह रक्षा वाहिनियों की अंतर बटालियन बैंड प्रतियोगिता में देशभक्ति गानों पर बैंड प्रतियोगिता करवाई गई। कैबिनेट मंत्री ने आम जनता के लिए आपदा प्रबंधन उपकरणों एवं उपाय से संबंधित प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया । इस मौके पर महानिदेशक सतवंत अटवाल, उप महा निदेशक एके पराशर तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## हिमफेड ने नाहन में शुरू की सस्ती सीमेंट की आपूर्ति

नाहन/टीम एक्शन इंडिया

हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विपणन एवं उपभोक्ता संघ लिमिटेड (हिमफेड) ने नाहन शहर और आसपास के इलाकों में एक नई सुविधा शुरू की है, जिसके तहत अब लोग बाजार से सस्ता सीमेंट प्राप्त कर सकेंगे। खास बात यह है कि इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए लोगों को बाजार जाने या किसी प्रकार की भागदौड़ करने की आवश्यकता नहीं है। लोग सिर्फ आर्डर करेंगे और हिमफेड उनके घर तक सीमेंट की आपूर्ति करेगा। हिमफेड ने सीसीआई (सीमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) कंपनी के साथ करार करके महज 365 रुपए प्रति बैग के हिसाब से सीमेंट उपलब्ध कराना शुरू किया है। यह सीमेंट बाजार में निजी कंपनियों के सीमेंट की तुलना में काफी सस्ता है, जहां एक बैग की कीमत 400 रुपए से अधिक होती है। इसके अलावा हिमफेड द्वारा सीमेंट घर तक पहुंचाने की कोई अतिरिक्त लागत नहीं ली जाएगी जिससे ग्राहकों को अतिरिक्त खर्च से बचत होगी।
हिमफेड की यह योजना नाहन शहर के साथ-साथ बनोग, जड़जा, जाबल का बाग, आमवाला, सैनवाला, कांशीवाला, शंभुवाला और बनकला जैसे इलाकों में लागू की गई है। आने वाले समय में यह योजना जिले के अन्य हिस्सों में भी शुरू की जाएगी।
हिमफेड के प्रभारी मदन ठाकुर ने बताया कि 2005 में हिमफेड ने सीमेंट की बिक्री शुरू की थी, जो 2010 तक जारी रही।

## पैदल गश्त कर पुलिस कमिश्नर ने धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों की जांच की



वाराणसी

सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत पालन कराने के लिए गुरुवार को पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने पैदल फोर्स के साथ गश्त कर स्टंट करने वाले, हाई स्पीड बाइकर के खिलाफ अभियान छेड़ने का निर्देश दिया। पुलिस कमिश्नर ने धार्मिक स्थानों पर शांति एवं सामाजिक समरसता बनाये रखने के लिए वहां लगे लाउडस्पीकरों की जांच की। अलसुबह से ही पैदल भ्रमण कर सीपी ने सड़क और दुकानों पर मौजूद नागरिकों के साथ मॉर्निंग वॉक पर निकले स्थानीय नागरिकों से संवाद कर समस्याओं के बारे में जानकारी ली। पुलिस कमिश्नर ने सभी पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों से अपने- अपने क्षेत्रों में भ्रमण, मॉर्निंग वॉकर्स से बातचीत का निर्देश दिया। पुलिस कमिश्नर ने शहर क्षेत्र के लंका, भेलूपुर व अस्सी क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर नागरिकों से भी संवाद किया। सभी पुलिस उपायुक्त, अपर पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त भी इस दौरान गश्त पर रहे। सीपी के एक्शन में रहते ही बिना नम्बर व मॉडिफाइड साइलेंसर वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाकर 411 बाइकर्स के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

## 8 दिसंबर को होगा पैंशनर्ज इकाई अमरपुर का गठन: दलीप सिंह

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर:** पैंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन अमरपुर पनौल इकाई की बैठक में निर्णय लिया गया है कि 70 वर्ष की आयु पूरी कर चुके पैंशनर्ज को आगामी 8 दिसंबर को सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम शिव मंदिर अमरपुर के प्रांगण में होना तय हुआ है। यह जानकारी देते हुए पैंशनर्ज वेलफेयर एसोशिएशन अमरपुर इकाई के प्रधान दलीप सिंह ठाकुर ने बताया कि इसी दिन इकाई के चुनाव भी करवाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में जिला प्रधान जगदीश दिनेश मुख्यातिथि होंगे। जबकि चुनाव के लिए घुमारवीं खंड के प्रधान लेखराम व सचिन एनडी धीमान पर्यवेक्षक होंगे।

## आउटस्टेंडिंग लीडरशिप आफ द ईयर 2024 से सम्मानित हुए प्रो. अवनीश कुमार

झांसी/टीम एक्शन इंडिया

दिव्य हिमगिरि, उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड सरकार, उत्तराखंड विज्ञान एवं तकनीकी परिषद यूकोस्ट, प्रौद्योगिकी संस्थान, गोपेश्वर, भारतीय पेट्रोलियम संस्थान, देहरादून, वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून द्वारा आयोजित पंचम देहरादून अन्तरराष्ट्रीय विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी उत्सव 2024 तथा सप्तम हिमालयन शिक्षाविद सम्मिट 2024 दिनांक 20 नवंबर से 23 नवंबर तक देहरादून में किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय विज्ञान उत्सव मे उत्तराखंड के शिक्षाविदों के




साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करने वाले विद्वानों को भी सम्मानित किया गया। इसमें बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के शिक्षक तथा पूर्व में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के अध्यक्ष एवं केंद्रीय हिंदी निदेशालय के निदेशक पद को सुशोभित कर चुके प्रोफेसर अवनीश कुमार को भी आउटस्टेंडिंग लीडरशिप आफ द ईयर 2024 से सम्मानित किया गया।
बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी ने गुरुवार को बताया कि उत्तराखंड का प्रतिष्ठित सम्मान मिलना प्रोफेसर अवनीश कुमार के साथ-साथ बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय को भी गौरवान्वित करता है।
यह सम्मान भारतीय भाषाओं की तकनीकी शब्दावलियों के क्षेत्र मे उनके राष्ट्र हित में किए गए योगदान के फलस्वरूप दिया गया।

## मोटापे से बचाव के उपायों पर चर्चा के लिए आईजीएमसी में जुटेंगे देशभर के डॉक्टर

**कार्यक्रम**

**मोटापे पर जागरूकता बढ़ाने और इसके उपचार को लेकर एक कार्यक्रम शिमला में आयोजित किया जाएगा।**



शिमला/टीम एक्शन इंडिया

मोटापे पर जागरूकता बढ़ाने और इसके उपचार को लेकर एक कार्यक्रम राजधानी शिमला में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देशभर के प्रमुख डॉक्टर और विशेषज्ञ सर्जन शामिल होंगे। यह आयोजन इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) के अटल सभागार में सात दिसम्बर को सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक होगा। कार्यक्रम का आयोजन ओबेसिटी सर्जरी सोसाइटी ऑफ इंडिया (ओएसएसआई) और आईजीएमसी के सर्जरी विभाग के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य मोटापे के उपचार, प्रबंधन और इससे जुड़ी जटिलताओं के बारे में जागरूकता फैलाना है। इसमें मोटापा रोधी दवाओं, सर्जिकल तकनीकों और जीवनशैली में बदलाव के महत्व पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।
आईजीएमसी के सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. पुनीत महाजन ने गुरुवार को बताया कि यह कार्यक्रम मोटापे से पीड़ित लोगों के लिए एक बेहतर उपचार योजना तैयार करने में मददगार साबित होगा। इसमें विशेषज्ञ डॉक्टर मोटापे के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे, जिनमें मोटापा नियंत्रण के लिए नए इलाज और उपचार के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।
ओएसएसआई के कार्यकारी समिति सदस्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम मोटापे से पीड़ित लोगों के लिए एक ठोस और प्रभावी कार्य योजना तैयार करेगा। इसके माध्यम से एक विशेषज्ञ विचार-मंथन होगा, जो मोटापे के इलाज के लिए आधुनिक तकनीकों और दवाओं के उपयोग को बढ़ावा देगा। इसके अलावा मोटापे के कारण होने वाली बीमारियों जैसे दिल की बीमारी, डायबिटीज और उच्च रक्तचाप से बचाव के उपायों पर भी चर्चा की जाएगी।
उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में देशभर के विशेषज्ञ डॉक्टर और सर्जन हिस्सा लेंगे जिनमें मोटापा प्रबंधन के क्षेत्र में कार्यरत चिकित्सक और सर्जन शामिल होंगे। वे मोटापे के इलाज और प्रबंधन के लिए विभिन्न सर्जिकल विकल्पों, दवाओं और जीवनशैली में बदलाव पर सत्रों का आयोजन करेंगे।

## ग्राम सभा की विशेष बैठकों में आंशिक संशोधन

टीम एक्शन इंडिया
मनीष

**सोलन:** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि जन योजना अभियान-2024 के तहत ग्राम पंचायत विकास योजना 2025-26 के अनुमोदन के लिए ग्राम सभा की विशेष बैठकों में आंशिक संशोधन किया गया है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि विकास खण्ड धर्मपुर, कण्डाघाट, पट्टा, कुनिहार, सोलन तथा नालागढ़ की ग्राम सभा की बैठक 11 दिसम्बर के स्थान पर अब 13 दिसम्बर, 2024 को आयोजित की जाएगी।
उपायुक्त ने कहा कि विकास खण्ड धर्मपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुल्हाड़ी तथा कोटला, विकास खण्ड कण्डाघाट की ग्राम पंचायत ममलीग, काहला, सतड़ोल तथा कनैर, विकास खण्ड कुनिहार की ग्राम पंचायत पलानियां, दधोगी, दानोघाट, बरायली, दावटी, घनागुघाट, पारनु, दाड़ला, डुमेहर, कोठी, कशलोग, ग्याणा, सारमा तथा जघून में ग्राम सभा की बैठक अब 13 दिसम्बर, 2024 को आयोजित होगी।
उन्होंने कहा कि विकास खण्ड भटोली कलां, सौड़ी तथा जाडला, विकास खण्ड सोलन की ग्राम पंचायत मशीवर, नौणी-मझगांव, नेरी कलां, ओच्छघाट, पडग, पट्टा बरौरी, रणो, सलोगड़ा, सन्होल, सपरूण, सेन बनेड़ा तथा सेरी, विकास खण्ड नालागढ़ की ग्राम पंचायत माजरा, ढांग निहली, राजपुरा, रडियाली, प्लासीकलां, मंझौली, खेड़ा, सनेड़, किरपालपुर, गागुवाल, ढेला, लोधीमाजरा, थाना, बधोखरी तथा छियाछी में ग्राम सभा की बैठक अब 13 दिसम्बर, 2024 को आयोजित होगी।

## मंडी को हराकर धर्मशाला कॉलेज बना इंटर कॉलेज महिला कबड्डी का विजेता

नाहन/टीम एक्शन इंडिया

सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन के चौगान में चल रही इंटर कॉलेज महिला कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न हो गयी। फाइनल मुकाबले में धर्मशाला ने मंडी कॉलेज को हराकर खिताब पर किया कब्जा। तीन दिवसीय इस कबड्डी महिला प्रतियोगिता में प्रदेश से विभिन्न कॉलेजों की 34 टीमों ने भाग लिया।
प्रतियोगिता के फाइनल मैच में राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला ने राजकीय महाविद्यालय मंडी को 45-15 से शिकस्त दी। तीसरे स्थान के लिए राजकीय महाविद्यालय पोंटा साहिब ने एक तरफा मुकाबले में राजकीय महाविद्यालय संजौली को पराजित किया।हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर महिला कबड्डी का समापन समारोह मुख्य अतिथि डॉ भूपेंद्र सिंह अध्यक्ष युवा खेल सांस्कृतिक परिषद हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा किया गया।

## प्रशासन सतर्क होता तो संभल में न होती ऐसी घटना

कानपुर/टीम एक्शन इंडिया

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर विधान सभा उपचुनाव में धांधली और संभल प्रशासन पर जानबूझकर दंगा करवाने का आरोप लगाया है। उन्होंने गुरुवार को यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि विधान सभा उपचुनाव में जो लूट हुई और उसके बाद जिस तरह से परिणाम आए, उस पर चर्चा न हो, इसके लिए योजना के तहत संभल में दंगा करवाया गया। इसमें प्रशासन की पूरी भागीदारी

**आरोप**

**-2027 में सपा सरकार बनने पर गोमती से अधिक गंगा को किया जाएगा साफ**

है, अगर प्रशासन सतर्क होता तो ऐसी घटना न हो पाती।
जनता 2027 में सपा की सरकार उत्तर प्रदेश में बनाने जा रही है। सपा सरकार गोमती से अधिक गंगा नदी को साफ करने का काम करेगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पूर्व सांसद राजाराम पाल के बेटे व बहू के आशीर्वाद समारोह में पहुंचे थे। यहां पर जैसे ही वह पहुंचे तो समर्थकों ने फोटो खिंचवाने के लिए घेर लिया और भव्य स्वागत किया गया। समारोह के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गंगा में जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेल्फी ली थी, वहां पर नाला गिर रहा है। 2027 में सपा सरकार आने पर गंगा नदी को गोमती से भी ज्यादा साफ बनाएंगे और यूपी की राजधानी लखनऊ से भी ज्यादा विकास कानपुर शहर में कराएंगे। अखिलेश ने कहा कि जिन कारोबारियों ने भाजपा को चंदा दिया, भाजपा अब उन्हीं पर कार्रवाई कर रही है। संभल की घटना पर अखिलेश ने कहा कि प्रशासन सतर्क होता तो ऐसी घटना देखने को न मिलती। वहीं सीसामऊ सीट पर जीत के लिए विधायक नसीम सोलंकी को बधाई देते हुए कहा कि नसीम काफी संघर्षों के बाद जीती हैं। जनता ने भी साबित कर दिया कि वह इरफान सोलंकी के साथ है।

## आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निपटारा जिला प्रशासन की प्राथमिकता: शर्मा

**सुनवाई**

**सीमा देवी के पति के उपचार के लिए त्वरित सहायता के रूप में 20 हजार रुपए स्वीकृत**



टीम एक्शन इंडिया
मनीष

**सोलन:** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ठाकुर ने निर्देश पर सोलन जिला में आज दिवस निर्धारित कर जनसमस्याओं की सुनवाई एवं उनका निराकरण सुनिश्चित बनाया गया। उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने अपने कार्यालय में लोगों की विभिन्न समस्याएं सुनी और उनका निकारण सुनिश्चित बनाया। आम लोगों को उनके घर-द्वार के समीप विभिन्न समस्याओं के समाधान सुनिश्चित बनाने की यह पहल सोलन में एक महिला के लिए वरदान सिद्ध हुई। कण्डाघाट उपमण्डल के भाट गांव की रहने वाली सीमा देवी आज उपायुक्त के समक्ष अपनी फरियाद लेकर पहुंची कि उनके पति कैंसर पीड़ित हैं और गरीबी के कारण उन्हें अपने पति के इलाज में अनेक आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।सीमा देवी की समस्या पर उपायुक्त ने त्वरित निर्णय लिया और उनके पति के उपचार के लिए तुरंत प्रभाव से 20 हजार रुपए की सहायता स्वीकृत की।
उन्होंने सीमा देवी को अपने पति के उपचार के लिए अस्पताल से सम्पूर्ण विवरण प्रस्तुत करने को कहा ताकि मुख्यमंत्री राहत कोष से रोगी के उपचार के लिए समुचित सहायता उपलब्ध करवाई जा सके। मनमोहन शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सभी उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक सप्ताह के सोमवार एवं वीरवार को कार्यालय में जन समस्याओं की सुनवाई सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार यदि किसी कारणवश उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सोमवार एवं वीरवार को कार्यालय में उपस्थित नहीं हैं तो जन समस्याओं की सुनवाई अगले कार्य दिवस अर्थात मंगलवार एवं शुक्रवार को की जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन यह सुनिश्चित बना रहा है कि लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ लक्षित वर्गों तक समय पर पहुंचें। उपायुक्त ने कहा कि जिला में सभी उपमण्डलाधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि अपने-अपने कार्य क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ जन समस्याओं का समाधान सुनिश्चित बनाएं। आज 08 व्यक्ति अपनी समस्याओं के समाधान के लिए उपायुक्त कार्यालय पहुंचे।

## सिरमौर जिले में स्मार्ट मीटर लगाने के लिए सर्वे शुरू

नाहन/टीम एक्शन इंडिया

सिरमौर जिले में अब स्मार्ट मीटर लगाने के लिए सर्वे कार्य शुरू हो गया है। यह कार्य टीडीसी मैनेजमेंट कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से किया जा रहा है। इसके तहत जिले में करीब 1.82 लाख पुराने मीटर बदले जाएंगे, जिनकी जगह स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। स्मार्ट मीटरों का यह कार्य नाहन डिविजन सहित जिले के अन्य हिस्सों में भी चल रहा है।
हालांकि सर्वे में कई स्थानों पर कर्मियों को लोगों का सहयोग नहीं

**सर्वे**

**स्मार्ट मीटरों का यह कार्य नाहन डिविजन सहित जिले के अन्य हिस्सों में भी चल रहा है।**

मिल रहा है। इस संदर्भ में विद्युत बोर्ड ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस कार्य में अपना सहयोग दें, ताकि स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य समय पर पूरा किया जा सके।
स्मार्ट मीटर के कई फायदे हैं। इससे बिजली चोरी की घटनाओं पर रोक लगेगी क्योंकि यदि कोई मीटर से छेड़छाड़ करता है तो इसका संदेश सीधे बोर्ड के पास पहुंच जाएगा। इसके अलावा स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ताओं का कनेक्शन समय पर बिल न भरने पर कंप्यूटर के जरिए ही काटा जा सकेगा जिससे बोर्ड कर्मियों को मौके पर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।
स्मार्ट मीटरों से बिजली ग्रिड की स्थिति का भी सही पता चलता है, जिससे बिजली की खपत और बिलिंग में सुधार होता है।

# प्रधानमंत्री कार्यक्रम का निमंत्रण देने स्वास्थ्य मंत्री आरती राव पहुंची सोनीपत

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को दिखाई आत्मनिर्भर बनने की राह: स्वास्थ्य मंत्री आरती राव

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। पानीपत की** धरती पर 09 दिसंबर को होने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का निमंत्रण देने के लिए प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव गुरूवार को सोनीपत व गन्नौर पहुंची। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को कार्यक्रम में पहुंचने का निमंत्रण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही वो इंसान है जिन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की राह दिखाई है। उनके नेतृत्व में केन्द्र व प्रदेश सरकार ने महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए अनेकों योजनाएं शुरू की, जिनका लाभ लेकर आज हमारी महिलाएं शिक्षा, व्यापार, खेल व अन्य सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री महिलाओं




को आत्मनिर्भर बनने की राह में एक और कदम आगे बढ़ाने के लिए 09 दिसंबर को पानीपत की ऐतिहासिक धरती पर पहुंच रहे इसलिए प्रदेश की हर महिला का दायित्व बनता है कि हम 09 दिसंबर को कार्यक्रम में पहुंचकर महिलाओं के विकास के प्रति प्रधानमंत्री के इरादों को मजबूती प्रदान करने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि पानीपत वहीं धरती है जहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अभियान की शुरूआत की थी, जो अभियान बाद में पूरे दिश में जनआंदोलन बना था, जिसका परिणाम आज हमारे सामने है कि आज देश व प्रदेश में बेटियों की संख्या बढ़ी है। इस अभियान ने समाज की सोच को बदल के रख दिया है आज हर इंसान बेटों व बेटियों को समान अधिकार देने का प्रयास करता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री 09 दिसंबर को फिर से पानीपत की धरती से महिलाओं के हित में बीमा सखी योजना की शुरूआत करेंगे। इस योजना से प्रदेश की महिलाओं को एलआईसी बीमा कंपनी का एंजेंट बनने का मौका मिलगा। इस योजना के तहत एजेंट बनने वाली महिलाओं को पहले साल 07 हजार रुपए प्रति महिला, दूसरे साल 06 हजार तथा तीसरे साल 05 हजार रुपए प्रति महिना आर्थिक सहायता के साथ-साथ बीमा पॉलिसी करने पर इंसेंटिव भी मिलेगा। उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं का आह्वान किया कि वे अपने आस-पास की महिलाओं को इस योजना के बारे में जागरूक करें ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सके। उन्होंने बताया कि इस दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 65 एकड़ जमीन में 400 करोड़ की लागत से बनी महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय व कटरा एक्सप्रेस-वे के बहादुरगढ से जींद तक के हिस्से का उद्घाटन करेंगे।

कार्यक्रम में सोनीपत से विधायक निखिल मदान ने कहा कि संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को राजनीति में आगे बढने का अवसर दिलाया दिलाया।

# धुंध व कोहरे में सड़क निर्माण विभाग ने की खानापूर्ति

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। सड़क सुरक्षा** को लेकर सड़क एवं भवन निर्माण विभाग द्वारा सर्दी के मौसम में धूंध व कोहरे में खानापूर्ति की गई है। हालात ये है गन्नौर से गांवों का जाने वाली आधा दर्जन सड़कों पर रेडियम युक्त सफेद पट्टियां व रिफलेक्टर टेप गायब है। विभाग ने गन्नौर शाहपुर मार्ग पर मिट्टी से कट्टे भरने के बाद रिफलेक्टर टेप लगाई थी। अब कट्टों पर टेप भी नही लगी है। सर्दी के मौसम में धुंध व कोहरा छाने लगा है, लेकिन सफेद पट्टियां व रिफलेक्टर टेप न होने के कारण हादसों का खतरा बढ़ गया है। मौसम में बदलाव आ चुका है और अब किसी भी दिन से धुंध भी छाने छाने लग जाएगी। ऐसे में अनेक गांवों की सड़कोंपर रेडियम युक्त सफेद पट्टी गायब हो चुकी है। विभाग को चाहिए था कि धुंध का मौसम आने से पहले ही जिन सड़कों पर सफेद



पट्टियां नहीं हैं और जिन पर वे खराब हो चुकी है ऐसे में वहां पर सफेद पट्टियों को लगाया जाए, लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। हाईवे तो दूर शहर से गांवों की सड़कों को भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारी दुरूस्त नहीं कर पा रहे हैं। जिससे धुंध में लोगों के लिए खतरे भरा सफर तय करना होगा।

**धुंध शुरू हो जाते ही बढ़ जाएगी वाहन चालकों की परेशानी**

धुंध के शुरू होते ही मुख्य मार्ग पर सड़क के दोनों ओर तो कहीं न कहीं सफेद पट्टी दिखाई नही देती है, लेकिन सड़कों के बीचा बीच कोई सफेद पट्टी नहीं है। किसी पर पट्टी है तो वह दिखाई नही देती, खराब हो चुकी है। गन्नौर से राजलू गढ़ी जाने वाली सड़क पर पट्टी पूरी तरह से खराब हो चुकी है। रास्ते में पड़ने वाली राजपुरा माईनर की क्रासिंग पुल पर पहले भी हादसे हो चुके है लेकिन वहां विभाग की व्यवस्था केवल खानापूर्ति है। इसके अलावा खेड़ी गुज्जर रोड, बेगा रोड आदि मार्ग है।

# पदक विजेता का विधायक कादियान ने किया स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। बिहार के नालंदा** में 29 नवंबर से 3 दिसंबर तक आयोजित 26वीं ऑल इंडिया इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप में गन्नौर से दिव्यांशी सरोहा ने सब यूथ वूमन में 10 मीटर एयर राइफल और शौर्या गोस्वामी ने सब यूथ पुरुष में 10 मीटर एयर राइफल में निशान लगा गोल्ड मेडल जीता है। गुरुवार को गन्नौर आने पर मेडल विजेता दिव्यांशी व शौर्य का विधायक देवेंद्र कादियान के अनुज समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने फूलमाला से जोरदार स्वागत किया। इसके उपरांत खिलाड़ियों बाइकों के काफिले के साथ खुली जीप में बैठा कर घर तक ले जाया गया। समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने कहा कि खिलाड़ी दिव्यांशी सरोहा व शौर्या गोस्वामी ने गोल्ड मेडल जीतकर अपने स्कूल व अभिभावकों के साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कहा कि शिक्षा के साथ साथ खेलों में

**अभिनंदन**

**बेहतर प्रदर्शन कर रही है, निश्चित तौर पर आने वाले समय में दिव्यांशी के खेल में ओर ज्यादा निखार आएगा**

भी बेटियों ने अपना वर्चस्व कायम किया है। सरकार द्वारा बेटियों को खेलों के क्षेत्र में अपना हुनर दिखाने के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही है। जिसकी बदौलत महिला खिलाड़ियों ने दुनिया भर में देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि खेलों से बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना आदि गुणों का विकास होता है। वहीं, कोच प्रदीप कुमार ने बताया कि दिव्यांशी सरोहा शूटिंग गेम में बेहतर प्रदर्शन कर रही है, निश्चित तौर पर आने वाले समय में दिव्यांशी के खेल में ओर ज्यादा निखार आएगा।

# स्वास्थ्य मंत्री ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में पहुंचने का दिया निमंत्रण

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। पानीपत में** 9 दिसंबर को होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का निमंत्रण देने के लिए प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव वीरवार को गन्नौर प्रजापत धर्मशाला में पहुंची। इस दौरान उन्होंने विशेष तौर पर महिलाओं को कार्यक्रम में पहुंचने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 9 दिसंबर को पानीपत में महिलाओं के हित में बीमा सखी योजना की शुरूआत करेंगे। इस योजना से प्रदेश की महिलाओं को एलआईसी बीमा कंपनी का एजेंट बनने का मौका मिलगा। इस




योजना के तहत एजेंट बनने वाली महिलाओं को पहले साल 7 हजार रुपये प्रति महिला, दूसरे साल 6 हजार तथा तीसरे साल 5 हजार रुपये प्रति महिना आर्थिक सहायता के साथ-साथ बीमा पालिसी करने पर प्रोत्साहन भी मिलेगा। उन्होंने महिलाओं का आह्वान किया कि वे अपने आस-पास की महिलाओं को इस योजना के बारे में जागरुक करें ताकि ह्ययादा से ह्ययादा संख्या में महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकें। प्रधानमंत्री 65 एकड़ जमीन में 400 करोड़ की लागत से बनी महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय व कटरा एक्सप्रेस-वे के बहादुरगढ से जींद तक के हिस्से का उद्घाटन भी करेंगे। इस मौके पर सोनीपत विधायक निखिल मदान, गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान, भाजपा वरिष्ठ नेता देवेंद्र कौशिक, जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, आजाद नेहरा, जिला महामंत्री निशांत छोक्कर, नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनिया मोर, संजय गौतम आदि मौजूद रहे। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव को वार्ड 15 की पार्षद शिवानी जैन को एक मांग पत्र सौंपा।

# छात्रा आरती ढाका ने सीनियर स्टेट कुश्ती प्रतियोगिता में पदक जीता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई। ताऊ देवीलाल** राजकीय महिला महाविद्यालय मुरथल की स्नातक प्रथम वर्ष की छात्रा आरती ढाका ने सीनियर स्टेट कुश्ती प्रतियोगिता में लहराया परचम। महाविद्यालय



की प्रथम वर्ष की छात्रा आरती ढाका ने 23 से 25 नवंबर तक आयोजित हरियाणा सीनियर स्टेट कुश्ती प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल हासिल किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. सीमा ठाकरान ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि उसकी इस उपलब्धि से महाविद्यालय की दूसरी छात्राओं को प्रेरणा मिलेगी और वे भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगी प्रवक्ता डॉ सुनील पंवार ने बताया कि छात्रा आरती ने हरियाणा स्टेट अंडर 23 कुश्ती प्रतियोगिता मे भी कांस्य पदक प्राप्त किया था।

# समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करे: तहसीलदार

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: उपमंडल स्तर पर** आयोजित समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते हुए तहसीलदार मनोज कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को समस्याओं से निजात दिलवाने के लिए गंभीरता से लेकर जल्द समाधान करें। तहसीलदार मनोज कुमार ने कहा सभी समस्याओं को अधिकारियों ने गम्भीरता से लेना चाहिए ताकि सरकार द्वारा जनहित में आयोजित समाधान शिविरों में माध्यम से लोगों की समस्याओं का शीघ्रता से निपटारा किया जा सके। सचिवालय में



आयोजित समाधान शिविर में वीरवार को भी पेंशन से सम्बंधित 3 शिकायतों ही प्राप्त हुई,जिनकी सुनवाई करते हुए सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि वे सुनिश्चित करें कि समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली हर शिकायत का नियमानुसार निदान किया जाए।

अधिकारी समाधान शिविर में आने वाले लोगों को विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में जागरूक करें।

# नागरिक अस्पताल के गेट पर मिलता है खुलेआम नशीला पदार्थ

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: पुलिस विभाग की तरफ** से प्रदेश में नशा फैलाने वाले तस्करों के खिलाफ समय-समय पर अभियान चलाकर तस्करों को पकड़ने का दावा किया जा रहा है। लेकिन सोनीपत शहर में नशे का कारोबार रोकने में खाकी के जवान पस्त नजर आ रहे है। शहर स्थित नागरिक अस्पताल के गेट पर नशे के कारोबारी खुलेआम नशे का सामान बेचकर लोगों की जिदंगी बर्बाद करने का काम कर रहे है। बुधवार को गुप्तचर विभाग में तैनात कर्मचारी ने अस्पताल के गेट पर नशे के इंजेक्शन अवैध रूप से बेच रहे तस्कर को काबू करने का प्रयास किया, लेकिन तस्कर दीवार फांदकर फरार हो गया। कर्मचारी ने मामले को लेकर सेक्टर-27 शहर थाना पुलिस को अवगत करवाया। थाना पुलिस की तरफ से समय-समय पर गश्त करने की बात कही जा रही है। बता दें के शहर के नागरिक अस्पताल के गेट नंबर-1 पर ओएसटी सेंटर स्थापित है। जहां जिले में नशा करने वाले युवाओं को नशे की लत से छुड़ाने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ उनका

**अभियान पस्त**

**नशे के आदि हो चुके युवा व अन्य जो नशे की लत छोड़ना चाहते है, उनका उपचार अस्पताल में चल रहा**

उपचार किया जाता है। काफी संख्या में नशा छोड़ने का उपचार करवाने वाले मरीज सुबह ही सेंटर के पास व गेट पर पहुंच जाते है। वहीं गेट पर ही नशा तस्कर भी सक्रिय हो जाते है। बुधवार को गुप्तचर विभाग में तैनात कर्मचारी ने गेट के पास नशे के इंजेक्शन बेच रहे तस्कर को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके पास से दस इंजेक्शन व नीडल बरामद हुई। इसी दौरान तस्कर चकमा देकर अस्पताल की दीवार फांदकर फरार हो गया। जानकारी मिली है कि नशीले इंजेक्शन को जमीन में दबा दिया गया।

**खुलेआम गेट पर मिलते है नशे के इंजेक्शन, अस्पताल कर्मचारी पकड़ चुके है भारी मात्रा में इंजेक्शन**

नागरिक अस्पताल के गेट पर खुलेआम नशे का खेल खेला जा रहा है। जिसको लेकर खाकी विभाग अंजान है। संबंधित थाना क्षेत्र के कर्मचारी समय-समय पर क्षेत्र में गश्त करने का फोटो उच्च अधिकारियों को सोशल साइटों के जरिए भेज रहे है। उसके बाद भी गेट पर नशीला पदार्थ बेचा जा रहा है। अस्पताल में तैनात कर्मचारियों ने गत दिनों पहले भी भारी मात्रा में तस्कर से इंजेक्शन बरामद किए थे। वहीं बुधवार को गुप्तचर विभाग की तरफ से दस इंजेक्शन तस्कर से बरामद किए है।

**ओएसटी केंद्र पर चल रहा करीब 25 मरीजों का उपचार**

डा. तरूण यादव ने बताया कि नशे के आदि हो चुके युवा व अन्य जो नशे की लत छोड़ना चाहते है, उनका उपचार अस्पताल के ओएसटी सेंटर में चल रहा है। मौजूदा समय में करीब 25 मरीजों का उपचार चल रहा है। जिन्हें सेंटर पर दवाइयां खिलाई जाती है। पुलिस विभाग की तरफ से समय-समय पर गश्त की जाती है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से नशीला इंजेक्शन पकड़ने की किसी प्रकार की शिकायत नहीं दी है। वहीं बुधवार को इस संबंध में जानकारी मिली है। इंजेक्शन को नष्ट करने के लिए कहा गया है।

# हकेंवि की टीम ने नॉर्थ इंडिया रिसर्च कन्वैन्शन में पाया प्रथम स्थान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय के व्यावसायिक एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत चलाए जा रहे बीवॉक औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन एवं बीवॉक बायोमेडिकल साइंस की टीम ने भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) द्वारा आयोजित दो दिवसीय नॉर्थ इंडिया रिसर्च कन्वैन्शन में प्रथम स्थान हासिल किया है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि अवश्य ही विद्यार्थियों को अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में नवीनतम तकनीक विकसित करने



व नवाचार करने के लिए प्रेरित करेगी। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लाइफ लोंग लर्निंग के अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार मौर्य ने टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि विभाग के विद्यार्थी शोध के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने टीम मेंटर्स डॉ. ऋचा एवं डॉ. सुनील कुमार को बधाई देते हुए इस दिशा में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। यहां बता दें कि आयोजन में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के डॉ. सुनील कुमार, मनस्वी और गुनगुन की टीम ने अपशिष्ट प्रबंधन की नवीनतम तकनीकों को अपने शोध के माध्यम से प्रस्तुत कर प्रथम स्थान हासिल किया। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा स्थित गलगोटियाज विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय नॉर्थ इंडिया रिसर्च कन्वैन्शन में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित उत्तर भारत के अनेक विश्वविद्यालयों की टीमों ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा सर्वप्रथम पोस्टर प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात शोध प्रस्तुति के बाद विशेषज्ञों द्वारा अंतिम मूल्यांकन किया गया।

# छात्रों ने अवंतिका सांस्कृतिक ओलम्पियार्ड प्रतियोगिता में जीता पदक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई। अवंतिका संस्था** नई दिल्ली द्वारा आयोजित मेला अवंतिका सांस्कृतिक ओलम्पियार्ड प्रतियोगिता आयोजित की गई। कक्षा पाँचवीं तक रंग भरो तथा कक्षा छठी से बारहवीं तक निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई। जिनमें ओम शांति शिक्षा सदन वरिष्ठ माध्यमकि विद्यालय नाथुपुर के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। दोनों प्रतियोगिताओं में लगभग 180 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग में कक्षा बारहवीं के यश, हर्षिता, कुमारी भव्यात एवं कार्तिक ने गोल्ड मेडल,




कक्षा दसवीं के नमन, अभिनवा तथा युबराज ने सिल्वर मेडल तथा कक्षा ग्यारहवीं की अनुष्का, कुठ राधा, एंजल ने ब्रांज मेडल प्राप्त किए। प्राइमरी स्तर के रंगभरो प्रतियोगिता में हर्ष, तनिषा, अस्मीत,अविनाश व कुन्यासिता ने गोल्ड मेडल, कुमारी रिया, आर्या, चंदन एवं निखिल ने सिल्वर मेडल तथा रौनक, लव, रुद्र एवं उर्वशी ने बॉज मेडल प्राप्त किए। उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय के निदेशक योगराज भारद्वाज ने पुरस्कृत किया।

# हर क्षण मार्ग प्रशस्त करती है श्रीमद् भागवत गीता: सुदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। प्रेमनगर स्थित** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। गीता के श्लोकों के बीच समारोह का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने उप जिला शिक्षा अधिकारी ज्योत्सना मिश्रा, बीईओ सीमा मदान, राममूर्ति शर्मा व बीआरसी रेणू बाला व प्रधानाचार्या संतोष राठी की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित करके किया। विद्यार्थियों व अध्यापकों को संबोधित करते हुए डीईओ सुदेश ठुकराल ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता एक ऐसा ग्रंथ




है, जो कि जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है। इसमें दिए गए संदेशों से पूरी दुनिया व मानव जाति मार्गदर्शन प्राप्त करती आई है। हम सभी को गीता का एक-एक श्लोक कर्म का संदेश देता है और भय, चिंता, आशंका, भावनात्मक कमजोरियों को मिटाता है। गीता का अध्ययन करने और उसे जीवन में लागू करने वाला इन्सान सदा सुखी और संतोषी रहता है। डीईईओ विनोद कौशिक ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता दुनिया का एक ऐसा धार्मिक ग्रंथ है, जो जीवन के हर पहलु को छूता है और जीवन की कठिनाईयों का सामना करने का साहस मन में भरता है। उन्होंने जिलाभर से आए सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों को गीता का निरंतर अध्ययन करने और उसमें निहित संदेशों को ज्यादा से ज्यादा प्रचारित करने का संदेश दिया। विभिन्न वर्गों की प्रतियोगिताओं में तीन सौ के करीब विद्यार्थियों ने हिस्सेदारी की। डीईओ व डीईईओ ने अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के विजेताओं को बधाई दी। अधिकारियों के आगमन पर स्कूल की प्रधानाचार्या संतोष राठी व अध्यापकों ने पुष्पगुच्छ भेंट करके स्वागत किया। इस मौके पर प्रधानाचार्या संदीप कौर, गुरजोग सिंह, प्रतियोगिताओं के नोडल प्रभारी कर्मजीत शर्मा, डॉ. पवन शर्मा, गायित्री देवी, डीओसी स्काउट सियाराम शास्त्री, मीडिया प्रभारी अरुण कुमार कैहरबा, महिन्द्र कुमार खेड़ा, अनुप ढुल, गुरदेव दत्त, राजेन्द्र शर्मा, विनोद कुमार, संजीव कुमार, अश्वनी शर्मा, मान सिंह, शीला देवी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# चिकित्सा में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

**केंद्र** सरकार ने पिछले एक दशक में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के साथ आर्थिक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए कई पहल की है। इन कोशिशों से दुनिया में भारत की साख बेहतर हुई है। चंद्रयान 3 3 की सफलता के बाद केंद्र सरकार ने अब स्वास्थ्य क्षेत्र में भारतीय वैज्ञानिकों को नया 'काम' सौंपा है। इससे भारत चिकित्सा के क्षेत्र में छलांग लगाने में कामयाब हो सकता है। यह ऐसी योजना है, जो आजाद भारत में पहली बार एक चुनौती के के रूप में पूरी की जानी है। इस तरह की योजना को दुनिया में पहले कभी किसी देश ने नहीं लागू किया। यानी जिन बीमारियों का इलाज कोई नहीं ढूंढ पाया, उसे भारतीय वैज्ञानिक ढूंढेंगे। इसके लिए सरक ने विश्व में प्रथम चुनौती लक्ष्य भी तय किया है, जिसकी जिम्मेदारी नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान केंद्र (आइसीएमआर) को सौंपी है। इससे दुनिया में चिकित्सा क्षेत्र में देश की साख एक नए भारत के रूप में बनेगी और यह यह अमेरिका, पेरिका, ब्रिटेन, रूस, चीन, फ्रांस, जापान और जर्मनी के साथ आगे बढ़ सकेगा।

जिन विकसित देशों ने चिकित्सा क्षेत्र में नए और मौलिक शोध के जरिए आश्चर्यजनक परिणाम हासिल किए हैं, वहां के वैज्ञानिकों को सभी जरूरी सुविधाए दी गई भारत भी इसी रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। हमारी जो वैज्ञानिक मेधा, धन, सुविधाएं और उदारीकरण के कारण विदेश चली जाती थी, वह अब भारत में रह कर अपनी विलक्षण प्रतिभा का लोहा मनवाएगी, क्योंकि केंद्र सरकार शोधार्थी वैज्ञानिकों को सभी कुछ मुहैया करा रही है, जिससे चिकित्सा क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल हो सकें। सरकार की इस नई योजना को पूरा करने के लिए देश के चिकित्सा संस्थानों को मिल कर काम करना होगा। कुछ दिनों पहले केंद्र सरकार एक पत्र भी जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर उतरे चंद्रयान 3 से प्रेरित होकर दुनिया में पहली बार चिकित्सा के क्षेत्र में भारत एक ऐसी पहल करने जा रहा है, जिससे उसके वैज्ञानिकों को नए और लीक से हट कर विचारों पर काम करने का 1 मौका मिलेगा। गौरतलब है कि देश में वैज्ञानिकों ने कोरोना के दौरान कोविड 19 के टीके तैयार करने अपनी पूरी शोध शक्ति लगा दी थी। केंद्र सरकार ने तीन तरह के टीके तैयार करवाए थे, जो दुनिया के अनेक देशों को सहयोग के रूप में भेजे गए थे। इससे भारत की दुनिया में प्रशंसा हुई। । केंद्र सरकार शोध के जरिए दवा खोजने और उपचार करने

के मद्देनजर आगे बढ़ रही वष्य में हो सकने वाली नई बीमारियों के उपचार के लिए शोध वास्ते केंद्र सरकार की तरफ से धन मुहैया कराया जा रहा है निश्चित है कि इससे चिकित्सा जगत में भारत विकसित देशों में शुमार होने की कतार में खड़ा हो सकेगा। यदि भविष्य में हो सकने वाली नई बीमारियों का बेहतर उपचार हमारे चिकित्सा वैज्ञानिकों ने खोज लिया, तो भारत दुनिया का महत्त्वपूर्ण चिकित्सा शोधार्थी के रूप में प्रतिष्ठित हो जाएगा।

केंद्र सरकार ने आइसीएमआर के जरिए सबसे जटिल बीमारियों के उपचार के लिए वैज्ञानिकों को तैयार करने का निश्चय किया है। इससे वे जटिल बीमारियों का उपचार करने के लिए प्रेरित होंगे। इस पहल का उद्देश्य लीक से हट कर भविष्य की तैयारियों, नए ज्ञान सृजन और खोज को बढ़ावा देना है।

# देश में उलटी बहती गंगा,कहीं गोली तो कहीं दंगा

**राकेश अचल**

> "सबसे पहले यूपी में योगी आदित्यनाथ की गंगा की बात करते है। योगी जी के सूबे में सम्भल का दंगा हो गया। दंगा शांत भी हो गया ,लेकिन सम्भल को विपक्षी नेताओं के लिए ' कील ' दिया गया है। कोई भी विपक्षी नेता सम्भल नहीं जा सकता और सत्ता पक्ष के नेता सम्भल जाते नहीं हैं ,क्योंकि दंगा करने का आरोप तो उन्हीं के ऊपर है। यानि यहां योगी जी सत्ता के बूते लोकतंत्र की गंगा का प्रवाह बदलने पर आमादा हैं। कानून और व्यवस्था के नाम पर राहुल गांधी हों या अखिलेश यादव ,कोई भी सम्भल नहीं जा सकता। सबको सम्भल के बाहर खींची ' योगी रेखा ' के बाहर रोक दिया गया है। सवाल ये है कि योगी जी की सरकार विपक्ष के सँभा जाने से इतनी खौफजदा क्यों है ? यूपी से आगे बढिये पंजाब चलते हैं। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है। यहां स्वर्ण मंदिर के बाहर अकाली दल के तनखैया घोषित सुप्रीमो सुखबीर सिंह के ऊपर एक दूसरा सरदार रिवाल्वर से फायर करता है"

**देश में** गंगा उलटी बह रही है। पूरब से पश्चिम तक ,उत्तर से दक्षिण तक जहाँ - जहाँ गंगा है उलटी ही बह रही है। उलटी बहने वाली गंगा शिव की जटाओं से निकली गंगा नहीं है। उलटी बहने वाली गंगाओं के भगीरथ अलग-अलग हैं। यूपी में अलग तो पंजाब में अलग । दिल्ली में अलग तो असम में अलग। आप कहेंगे कि देश में तो एक ही गंगा है ,जो हमेशा सीधी बहती है और पतित पावन है। लेकिन मै जिन गंगाओं की बात कर रहा हूँ वे पतित -पावन नहीं है। वे दलदली गंगाएं हैं।

सबसे पहले यूपी में योगी आदित्यनाथ की गंगा की बात करते है। योगी जी के सूबे में सम्भल का दंगा हो गया। दंगा शांत भी हो गया ,लेकिन सम्भल को विपक्षी नेताओं के लिए ' कील ' दिया गया है। कोई भी विपक्षी नेता सम्भल नहीं जा सकता और सत्ता पक्ष के नेता सम्भल जाते नहीं हैं ,क्योंकि दंगा करने का आरोप तो उन्हीं के ऊपर है। यानि यहां योगी जी सत्ता के बूते लोकतंत्र की गंगा का प्रवाह बदलने पर आमादा हैं। कानून और व्यवस्था के नाम पर राहुल गांधी हों या अखिलेश यादव ,कोई भी सम्भल नहीं जा सकता। सबको सम्भल के बाहर खींची ' योगी रेखा ' के बाहर रोक दिया गया है। सवाल ये है कि योगी जी की सरकार विपक्ष के सँभल जाने से इतनी खौफजदा क्यों है ?

यूपी से आगे बढिये पंजाब चलते हैं। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है। यहां स्वर्ण मंदिर के बाहर अकाली दल के तनखैया घोषित सुप्रीमो सुखबीर सिंह के ऊपर एक दूसरा सरदार रिवाल्वर से फायर करता है । सुखबीर को उसके अंगरक्षक बचालेते हैं ,लेकिन पंजाब के मुख्यमंत्री मान साहब के मान पर कोई असर नहीं पड़ता। आप समझ सकते हैं कि पंजाब में मान सरकार का इकबाल कितना बुलंद है ? पंजाब में कोई भी आतंकी ,कभी भी किसीको अपना निशाना बना सकता है। यानि उलटी गंगा यहां भी बह रही है। पंजाब में बहती उलटी गंगा में यहां का अमन-चैन सब बहा जा रहा है।

पंजाब के बाद चलिए महाराष्ट्र। महाराष्ट्र में जो कुछ होता है वो पूरे राष्ट्र को भौंचक कर देता है । यहां कब दीवान को दरोगा और दरोगा को दीवान बना दिया जाये ,ये कोई नहीं जानता। विधानसभा चुनावों के बाद महाराष्ट्र में कल तक जो दरोगा थे वे दीवान बना दिए गए और जो दीवान थे



उन्हें दरोगा बना दिया गया। ' डिमोशन ' और ' प्रमोशन ' की उलटी गंगा देश में जिस तरह महाराष्ट्र में बहती है और कहीं नहीं बहती। महाराष्ट्र ने ये सब हमारे मध्यप्रदेश से सीखा है। मध्यप्रदेश में वर्षों पहले इस तरह का प्रहसन हो चुका है। हमारे यहां भी दरोगा रहे स्वर्गीय बाबूलाल गौर साहब, शिवराज सिंह चौहान के दरोगा बनने के बाद उनके दीवान बनने को राजी हो गए थे। यानि सियासत में किसी का कोई मान-अपमान या जमीर -समीर नहीं होता। मूषक को शेर बना दीजिये या शेर को मूषक ,किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता।

उलटी गंगा असम में भी बह रही है। असम में सरकार ने कहा है कि अब असम के होटल,रेस्टोरेंट्स और सार्वजनिक स्थानों पर गौमांस नहीं बिक सकता। यानि आपको गौमांस खाना है तो किसीके घर में जाकर खाइये । असम सरकार ने गौमांस के इस्तेमाल पर रोक नहीं लगाईं है ,केवल कुछ खास जगह प्रतिबंधित की है । यानी आप ' गुड़ खा सकते हैं लेकिन आपको गुलगुलों से नेम करना होगा। असम के मुख्यमंत्री लगता है यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रेरणा हासिल कर रहे हैं। यूपी में भी इस तरह केअसफल प्रयोग किये जा चुके हैं। यानि गंगा को असम में भी उलटा बहाने कीकोशिश की जा रही है ।

असम सरकार के इस फैसले पर कांग्रेस,एआईयूडीएफ और जदयू ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। जदयू ने कहा, इस फैसले से समाज में तनाव बढ़ेगा। केंद्र और बिहार में बीजेपी की सहयोगी पार्टी जदयू नेता केसी त्यागी ने कहा, भारत का संविधान सबको खाने-पीने की आजादी देता है. होटल या सार्वजनिक स्थान पर बीफ बैन का हम समर्थन नहीं करते। इससे समाज में तनाव फैलेगा जो पहले से ही काफी ज्यादा है. कांग्रेस नेता राशिद आल्वी ने कहा, गोहत्या पर पूरे देश में पाबंदी लगनी चाहिए। लेकिन असम के सीएम को ये अब क्यों याद आया है? क्या बीजेपी गोवा, पूर्वोत्तर समेत उन सभी राज्यों में गो हत्या पर पाबंदी लगाएगी, जहां उनकी सरकार है।

जब गंगा उलटी बहती है तो आचार्य प्रमोद कृष्णन जैसे पूर्व कांग्रेसी भी आय-बांय बोलने लगते है। राहुल गाँधी से दुखी होकर मोदी जी की शरण में आये आचार्य प्रमोद कृष्णन कहते हैं की राहुल गांधीको यदि सम्भल के हिन्दुओं की इतनी ज्यादा चिंता है तो वे बांग्लादेश क्यों नहीं जाते ? आचार्य जी ये मश्विरा राहुल गांधी को तो दे सकते हैं लेकिन योगी,मोदी और शाह को नहीं दे सकते। हिम्मत नहीं है बेचारे के पास। सचबोलने के लिए हिम्मत की जरूरत पड़ती है ,जो आजकल भाजपा में शायद किसी नेता के पास बची नहीं है।

मणिपुर में तो गंगाजू डेढ़ साल से उलटी बह रहीं हैं। केंद्र की सरकार ने कभी गंगा के प्रवाह के उलटे होने की फिक्र नहीं की । यदि की होती तो मणिपुर के मुख्यमंत्री अभी तक हटा न दिए जाते ! मणिपुर में प्रधानमंत्री जी हों या कोई और दुसरे भाजपा नेता न खुद वहां जाते हैं और न राहुल गाँधी को वहां जाने से रोकते है। राहुल गांधी राख हो रहे मणिपुर में दो मर्तबा हो आये लेकिन मोदी जी को एक बार भी मणिपुर जाने का ख्याल नहीं आया। आये भी कहाँ से ,उन्हें मणिपुर से ज्यादा यूक्रेन और रूस की फिक्र खाये जा रही है। वे बांग्लादेश भी तो नहीं जा रहे जबकि वहां का अल्पसंख्यक हिन्दू संकट में है। मोदी जी ब्राजील ,रूस , निकारागुआ और डोमेनिका जा सकते हैं ,किन्तु मणिपुर हो या ढाका नहीं जा सकते।

बहरहाल हमें भगीरथ की गंगा के साथ ही हर सूबे की गंगा के प्रवाह की फिक्र है। इसीलिए हम लगातार गंगा के उलटे बहने पर सभी को आगाह करते है। नेताओं कोभी और जनता को भी। यदि गंगाओं को उलटा बहने से न रोका गया तो हमारे पास जो कुछ गहना-गुरिया बचा है वो सब बह जाएगा। लोकतंत्र में गंगा सीधी ही बहना चाहिए । गंगा का यमुना और सरस्वती के साथ संगम भी होना चाहिए। अन्यथा सब कुछ तबाह हो सकता है।

## कविता

जो नजरों से से दूर हो गया ।
समझों दिलों से दूर हो गया।।

सांझ मिलने का किया वादा जिसने ।
वह तपती दोपहर में काफूर हो गया ।।।

चलो धीमें कदमों से चलतें हैं दूर तलक ।
कम फासला देखो कितना दूर हो गया।।

कश्तियां डगमगाती रही लहरों में।
लहरो का मचलना दस्तूर हो गया।।

दूर तक चिलचिलाती धूप ही धूप हैं ।
इक हंसी शहर कितना बेनूर हो गया।।

क्यों पत्थर फेकते हो दीवाने पर संजीव,
मोहब्बत करना कब से कसूर हो गय''

संजीव

## तकनीक बनाम इंसानियत

**आज** की दुनिया एक बड़े परिवर्तन के दौर गुजर रही है। डिजिटल तकनीक के व्यापक प्रसार ने हमारी दिनचर्या और सोचने के तरीके को पूरी तरह से बदल दिया है। इंटरनेट, कृत्रिम बुद्धिमता और सोशल मीडिया ने न केवल हमें एक नए युग में प्रवेश कराया है, बल्कि हमारी इंसानियत पर भी सवाल खड़े किए हैं। आज जब अपने चारों ओर की दुनिया को देखा जाए तो कोई भी संवेदनशील व्यक्ति यह सोचने पर मजबूर हो सकता है कि क्या यह तकनीकी क्रांति हमें वास्तव में जोड़ कर रख रही है या हमें और भी अलग-थलग कर रही है ! एक श्लोक है- 'असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय, मृत्योर्मा अमृतं गमय ।' यानी हमें असत्य से सत्य की ओर ले चलो, अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो, और मृत्यु से अमरता की ओर ले चलो। यह श्लोक इस बात की याद दिलाता है कि सच्चा मार्ग वही है, जो अंधकार और असत्य से मुक्त हो। इसी तरह, आज हमें तकनीक के उजाले में खोते हुए उन मूल्यों को याद रखना होगा, जो हमें मानवता की ओर ले जाते हैं । तकनीक ने भले ही हमें वैश्विक स्तर पर जुड़ने का अवसर दिया हो, लेकिन वास्तविकता में हमने अपनी आसपास की दुनिया से दूरी बना ली है। आभासी दुनिया में जुड़ने के सुख की हकीकत यह है कि सोशल मीडिया पर हजारों लोग दोस्ती की सूची में हो सकते हैं, उन्हें हमारा लिखा हुआ या कोई और सामग्री पसंद आती है, मगर वास्तव में कोई हमसे जुड़ा नहीं होता। हमारा पड़ोसी तक हमारे दुख शामिल नहीं होना चाहता। ज्यादातर लोग एक ही घर में रह कर अपने स्मार्टफोन में डूबे रहते हैं, तो यह स्पष्ट होता है कि इस डिजिटल दुनिया में हम और भी अकेले होते जा रहे हैं। उन दिनों को याद किया जा सकता है, जब में परिवार और दोस्तों के साथ बैठकर हम वास्तविक बातचीत किया करते थे। आज वह आपसी संवाद एक 'कमेंट' या 'इमोजी' तक सीमित हो गया है।खुद में सिमटने के उदाहरण अपने आसपास हर जगह देखे जा सकते हैं। किसी व्यावसायिक माल में जमा लोगों को देख कर उनके भी संवेदनशील होने के बारे में अंदाजा लगाया जा सकता है। कुछ समय पहले एक बुजुर्ग एक जगह असहाय बैठे थे। शायद उन्हें मदद की जरूरत थी। चारों ओर से लोग गुजर रहे थे, लेकिन किसी ने उनकी ओर ध्यान नहीं दिया, क्योंकि सभी अपने-अपने स्मार्टफोन या बाजार से खरीदारी में व्यस्त । एक व्यक्ति ने जब उनसे बात की, तब पता चला कि उन्हें अपने बेटे से संपर्क करने में परेशानी हो रही थी । उस व्यक्ति ने उनकी मदद की, तब उनकी आंखों में राहत और आभार का भाव उभरे। तकनीक ने हमें भले ही एक नई दुनिया दी हो, लेकिन हम अपनी इंसानियत और आपसी जुड़ाव से कहीं दूर हो गए यह विडंबना है कि जब हमारे पास इतनी तकनीकी प्रगति है, तो मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं भी उसी तेजी से क्यों बढ़ रही हैं।

## विचार

# समान शिक्षा के उत्प्रेरक के रूप में एक राष्ट्र एक सदस्यता

**विजय गर्ग**

**गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक** संसाधनों तक पहुंच छात्रों और शोधकताओं के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बनी हुई है, खासकर भारत के दूरदराज के क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण संसाधन सामग्री तक पहुंच छात्रों और अनुसंधान विद्वानों के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बनी हुई है, खासकर भारत के दूरदराज के इलाकों में। जबकि डिजिटल युग ने सूचना प्रसारित करने के तरीके को बदल दिया है, भौतिक पुस्तकालय अकादमिक उत्कृष्टता की आधारशिला बने हुए हैं। फिर भी, ये आवश्यक ज्ञान केंद्र तेजी से अतीत के अवशेष बनते जा रहे हैं, जो केवल राष्ट्रीय संस्थानों और चयनित विश्वविद्यालयों से जुड़े कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों के लिए ही सुलभ हैं। अब तक, देश की प्रत्येक एजेंसी ने अपने डिजिटल लाइब्रेरी संसाधनों के लिए सदस्यता ले ली है, यूजीसी के पास इनफ्लिबनेट है, जो चयनित विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में उपलब्ध है, सीएसआईआर और डीएसटी संस्थानों के पास राष्ट्रीय ज्ञान संसाधन कंसोर्टियम (एनकेआरसी) है; आईसीएआर संस्थानों को सीईआरए आदि करोड़ों रुपये का भुगतान करना पड़ता है। कई मामलों में, ये ई-संसाधन केवल मेजबान संस्थान के उपयोगकताओं तक ही सीमित हैं, हालांकि इन्हें सार्वजनिक धन के माध्यम से वित्त पोषित किया जाता है। यदि महत्वाकांक्षी वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन पहल को प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है, तो इस असमानता को दूर करने और शैक्षिक परिदृश्य को पुनर्जीवित करने की क्षमता है। तकनीकी प्रगति के बावजूद, भारत में अब तक गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक संसाधनों तक पहुंच का लोकतंत्रीकरण नहीं किया जा सका है। अधिकांश कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पुस्तकालयों को विभिन्न कारणों से चिंताजनक गिरावट का सामना करना पड़ रहा है। पुस्तकालयों में जाने के प्रति युवा पीढ़ी की रुचि की कमी और घटती निधि ने इस संकट को और बढ़ा दिया है।

दुर्भाग्य से, कई सार्वजनिक संस्थानों में, मुख्य रूप से राष्ट्रीय संस्थानों से जुड़े पुस्तकालयों में, पुस्तकालय कर्मचारियों में अक्सर पाठकों के लिए स्वागत योग्य वातावरण बनाने के लिए उत्साह और पारस्परिक कौशल का अभाव होता है। यह, बदले में, सबसे वास्तविक पाठकों को भी अलग-थलग कर देता है, जो बाधाओं के बावजूद, पुस्तकालयों में जाने का प्रयास करते हैं। समर्थन की कमी और एक अनामंत्रित माहौल छात्रों और शोधकताओं को शैक्षणिक और बौद्धिक गतिविधियों के लिए पुस्तकालयों को अपना पसंदीदा स्थान बनाने से रोक सकता है, जिससे पुस्तकालय संस्कृति और भी नष्ट हो रही है जो पहले से ही खतरे में है। वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन पहल का उद्देश्य एक केंद्रीकृत प्रणाली के माध्यम से राष्ट्रव्यापी उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षणिक संसाधनों तक पहुंच प्रदान करके इन चुनौतियों का समाधान करना है। अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय पत्रिकाओं, डेटाबेस और ई-पुस्तकों के लिए थोक सदस्यता पर बातचीत करके, पहल यह सुनिश्चित कर सकती है कि भौगोलिक या आर्थिक बाधाओं की परवाह किए बिना प्रत्येक छात्र के पास समान ज्ञान है। एक राष्ट्रीय संस्थान में एक छात्र या विद्वान को जो मिलता है वह देश के सुदूर कोने में स्थित विश्वविद्यालय में एक छात्र को मिलेगा। यह ज्ञान संसाधन का लोकतंत्रीकरण कर रहा है। हालाँकि, इस पहल की सफलता केवल पहुंच से कहीं अधिक पर निर्भर करती है। भारत को अपने पुस्तकालय पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए एक समानांतर प्रयास की आवश्यकता है। डिजिटल युग में भी, भौतिक पुस्तकालय प्रतिबिंब और सहयोग के स्थान के रूप में अपूरणीय हैं। सरकार को पुस्तकालयों के आधुनिकीकरण के लिए पर्याप्त धन उपलब्ध कराना चाहिए और कुशल, प्रेरित पुस्तकालयाध्यक्षों की भर्ती के लिए भी कदम उठाना चाहिए जो पाठकों की बढ़ती जरूरतों को समझते हैं और प्रभावी ढंग से डिजिटल और भौतिक संसाधनों का प्रबंधन कर सकते हैं। समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए, वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन को प्रत्येक पंजीकृत छात्र और विद्वान को व्यक्तिगत लॉगिन क्रेडेंशियल प्रदान करना होगा, जिससे किसी भी समय, कहीं भी संसाधनों तक सीधी पहुंच सक्षम हो सके।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# खतरनाक होता बायोमेडिकल वेस्ट

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

**स्वास्थ्य** सेवा गतिविधियाँ स्वास्थ्य की रक्षा करती हैं और उसे बहाल करती हैं तथा जीवन बचाती हैं। लेकिन उनके द्वारा उत्पन्न अपशिष्ट और उप-उत्पादों के बारे में क्या? स्वास्थ्य सेवा गतिविधियों द्वारा उत्पन्न कुल अपशिष्ट में से लगभग 85% सामान्य, गैर-खतरनाक अपशिष्ट है जो घरेलू अपशिष्ट के बराबर है। शेष 15% को खतरनाक सामग्री माना जाता है जो संक्रामक, रासायनिक या रेडियोधर्मी हो सकता है। स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों के सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल प्रबंधन को सुनिश्चित करने के उपाय ऐसे अपशिष्टों से होने वाले प्रतिकूल स्वास्थ्य और पर्यावरणीय प्रभावों को रोक सकते हैं, जिसमें रासायनिक या जैविक खतरों का अनपेक्षित उत्सर्जन शामिल है। स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों में संभावित रूप से हानिकारक सूक्ष्मजीव होते हैं जो अस्पताल के रोगियों, स्वास्थ्य कर्मियों और आम जनता को संक्रमित कर सकते हैं। अन्य संभावित खतरों में दवा प्रतिरोधी सूक्ष्मजीव शामिल हो सकते हैं जो स्वास्थ्य सुविधाओं से पर्यावरण में फैलते हैं। स्वास्थ्य सेवा अपशिष्ट और उप-उत्पादों से जुड़े प्रतिकूल स्वास्थ्य परिणामों में तीक्ष्ण वस्तुओं से लगी चोटें भी शामिल हैं; स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों के संचालन या भस्मीकरण के दौरान आस-पास के वातावरण में छोड़े जाने वाले दवा उत्पादों, विशेष रूप से एंटीबायोटिक्स और साइटोटॉक्सिक दवाओं और पारा या डाइऑक्सिन जैसे पदार्थों के संपर्क में आना; कीटाणुशोधन, बंध्यीकरण या अपशिष्ट उपचार गतिविधियों के संदर्भ में उत्पन्न होने वाली रासायनिक जलन; चिकित्सा अपशिष्ट भस्मीकरण के दौरान कण पदार्थ के निकलने के परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाला वायु प्रदूषण; खुले में जलने और चिकित्सा अपशिष्ट भस्मक के संचालन के साथ होने वाली तापीय चोटें; विकिरण जलन; और दवा अपशिष्टों के असुरक्षित भंडारण, उपचार और निपटान के माध्यम से रोगाणुरोधी प्रतिरोध का प्रसार। अपर्याप्त स्वास्थ्य सेवा अपशिष्ट सेवाओं के लिए कई कारण मौजूद हैं। इनमें सीमित कानूनी ढाँचे (जैसे, नीतियाँ, विनियमन, दिशा-निर्देश) , स्वास्थ्य सेवा अपशिष्ट से सम्बंधित स्वास्थ्य खतरों के बारे में जागरूकता की कमी, उचित अपशिष्ट प्रबंधन में अपर्याप्त प्रशिक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन और निपटान प्रणालियों की अनुपस्थिति, अपर्याप्त वित्तीय और मानव संसाधन और कम प्राथमिकता शामिल हैं। कई देशों में या तो उचित नियम नहीं हैं या वे उनकी निगरानी और प्रवर्तन नहीं करते हैं।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था में अतिवाद और धार्मिक कट्टरता का कोई स्थान नहीं

**भारत** विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है' स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया है' देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकतें हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता ही है कि जिसके कारण संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा,विवाद किसी भी मसले का कोई हल नहीं पर यह लोकतंत्र के लिए एक डाग के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है।भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है।वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं,

राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बबार्दी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।

## न्यूज फ्लैश

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दिल्ली निवासी युवक की मौत

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल। जिले के कस्बा असंध** में अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। मृतक दिल्ली से असंध में अपने किसी रिश्तेदार से मिलने के लिए आया था। हादसा देर रात नानकपुरा चौक पर हुआ है। मृतक की पहचान दिल्ली के जनकपुरी निवासी 30 वर्षीय साहिल ठाकुर के रूप में हुई है। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। गंभीर अवस्था में युवक को असंध के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर असंध के मॉच्युरी हाउस में रखवा दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि हादसे में शामिल वाहन और चालक की पहचान हो सके। असंध थाना के एसआई श्रीभगवान ने बताया कि युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हुई है। आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### दुकान से करीब 60 हजार का सामान चोरी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल। कस्बा घरौंडा की** मार्केट में चोरों ने एक दुकान को निशाना बनाते हुए करीब 60 हजार रुपए का सामान चोरी कर लिया। चोर सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए है। दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुकानदार ने कहा कि नोटों की माला और ब्रांडेड परफ्यूम चोर ले गए। घरौंडा निवासी मदन ने पुराने गर्ल्स स्कूल के पास तकिया मार्केट में जरनल स्टोर की दुकान है। बीती रात करीब डेढ़ बजे चोरों की वारदात को अंजाम दिया गया है। सीसीटीवी फुटेज में पांच चोर नजर आ रहे है। दो चोर दुकान के अंदर घुसे और बाकी दुकान के बाहर व गली में निगरानी के लिए खड़े नजर आ रहे है। पीड़ित दुकानदार मदन ने बताया कि दुकान के अंदर नोटों की मालाएं दी और ब्रांडेड परफ्यूम व अन्य कीमती सामान रखा हुआ था, जो चोरी हो गए। घरौंडा थाना प्रभारी राजपाल ने बताया कि चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। सीसीटीवी फुटेज को चेक किया जा रहा है, ताकि चोरों का सुराग लग सके। शिकायत के अनुरूप आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### गीता जयंती महोत्सव को लेकर किया गया टीमों का गठन और सौंपी जिम्मेदारी : यश जालुका

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल। हरियाणा सरकार द्वारा** लिए गए निर्णय अनुसार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय गीता जयन्ती को भव्य रूप से मनाने का फैसला लिया गया है तथा इस वर्ष जिला स्तर पर गीता जंयती कार्यक्रम का आयोजन 9 दिसंबर से 11 दिसंबर तक तक प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक डॉ. मंगलसेन सभागार में किया जाएगा। इस समारोह सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त उत्तम सिंह के निर्देश अनुसार उच्च अधिकारियों के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया है और जिम्मेदारी सौंपी गई है। अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने बताया कि जिला स्तरीय महोत्सव-2024 में प्रदर्शनी/टैन्ट्स/ स्टॉल/स्टेज के प्रबन्धो हेतु संयुक्त आयुक्त, नगर निगम की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया। इसी प्रकार से शोभा-यात्रा के प्रबन्ध हेतु एसडीएम करनाल की अध्यक्षता में बनाई गई है। उन्होंने बताया कि शखेक उच्चारण के लिए एसडीएम नीलोखेडी कमेटी के अध्यक्ष रहेंगे तथा सांस्कृ तिक कार्यक्रम के लिए जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया और गीता सेमिनार हेतु शुगर मिल करनाल के प्रबन्ध निदेशक को नोडल अधिकारी बनाया गया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव से संबंधित सभी अवश्य प्रबंध समय पर सुनिश्चित करने के लिए ओवर आल इंचार्ज नियुक्त किया गया।

# हरियाणवी संस्कृति का आईना है हरियाणा पैवेलियनः बंडारू दत्तात्रेय

## हरियाणवी संस्कृति के उत्थान व संरक्षण में सराहनीय योगदान दे रहा हैः बंडारू दत्तात्रेय

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर सिंह मलिक
**कुरुक्षेत्र : हरियाणा के** राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने वीरवार को केयू तथा केडीबी के संयुक्त तत्वावधान में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर पुरुषोत्तमपुरा बाग में स्थापित हरियाणा पवेलियन का उद्घाटन करते हुए कहा कि हरियाणा पैवेलियन हरियाणवी संस्कृति का आईना है जो सभी को हरियाणा की समृद्ध लोक कला एवं संस्कृति को प्रदर्शित करता है। हरियाणा पवेलियन के माध्यम से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणवी संस्कृति के उत्थान व संरक्षण में सराहनीय योगदान दे रहा है। इस सराहनीय योगदान के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा बधाई के पात्र है।



राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय ने कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के साथ मिलकर हरियाणा की लोक संस्कृति को सम्पूर्ण विश्व में आम जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, जांजीबार की युवा संस्कृति एवं कला मंत्री केएम माविता, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा व उपायुक्त नेहा सिंह ने हरियाणा पैवेलियन में लगे सभी स्टाल का अवलोकन किया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती समारोह में हरियाणा पैवेलियन युवा पीढ़ी को अपने राज्य की प्राचीन समृद्ध संस्कृति एवं विरासत को जानने, समझने तथा उससे जुड़ने का सुगम अवसर प्रदान करती है। हरियाणा की लोक कला एवं संस्कृति की पहचान भारत में ही नहीं अपितु पूरे विश्व में है। उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति एवं संस्कार पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा गीता जयंती समारोह में हरियाणा पवेलियन ग्रामीण संस्कृति की चमक को बिखेर रहा है तथा यह लोक कला एवं संस्कृति का भी समृद्ध संगम है।

## स्टॉल पर दिया जा रहा है 'बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ' का संदेश



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर सिंह मलिक
**कुरुक्षेत्र:– ब्रह्मसरोवर** के तट पर गीता जयंती उत्सव अपनी पूरी छटा बिखेर रहा है। तालाब के घाटों पर सजे भिन्न- भिन्न स्टॉल पर पर्यटक अपनी मनपसंद चीजों को खरीद कर और मेले में अन्य मनोरंजक गतिविधियों में शामिल होते हुए मेले का भरपूर आनंद उठा रहे हैं विभिन्न सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों के स्टॉल भी सामाजिक और धार्मिक संदेश देते हुए मेले में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने के साथ साथ जन जागृति फैलाने का काम भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में ब्रह्मसरोवर घाट पर स्टॉल नंबर 532 में नगर की प्रसिद्ध उत्थान सामाजिक संस्था द्वारा बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ और नशे के विरुद्ध युवाओं को जागरूक करने का संदेश दिया जा रहा है इस बारे संस्था के अध्यक्ष अनिल वर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार,जिला प्रशासन और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप आज गीता महोत्सव ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग ही पहचान बना ली है।

## विश्व वालंटियर दिवस के उपलक्ष्य में लगाया गया रक्तदान शिविर

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रधान उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर लगाया गया। रेडक्रॉस के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि रक्त की कमी को देखते हुए आज विश्व वालंटियर दिवस के उपलक्ष्य में रेडक्रॉस भवन में दोपहर को एक बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 32 रक्तदाताओं ने रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया। डॉ. संजय वर्मा इंचार्ज ब्लड बैंक सिविल अस्पताल की अगवाई में टीम ने रक्त एकत्रित किया।

## शुक्ला सप्तमी के दिन स्नान करने से होती है मोक्ष की प्राप्ति

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर सिंह मलिक
**कुरुक्षेत्र: गांव कमोदा के** श्री काम्यकेश्वर महादेव मंदिर व तीर्थ पर मार्गशीर्ष माह में शुक्ला सप्तमी मेला लगेगा। गीता महोत्सव के पावन अवसर पर 8 दिसंबर को पुण्य योग में शुक्ला सप्तमी पर स्नान करने से मोक्ष की प्राप्ति के साथ हर की पौड़ी (हरिद्वार) जितना पुण्य मिलेगा। ग्रामीणों द्वारा मेले की तैयारियों जोरो-शोरों से की जा रही है, तीर्थ में स्वच्छ जल भरा गया है और मंदिर को लड़ियों से सजाया जा रहा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार रविवारीय शुक्ल सप्तमी के दिन तीर्थ में स्नान करने से मोक्ष व पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है। महर्षि



पुलस्त्य जी और महर्षि लोमहर्षण ने वामन पुराण में काम्यकवन तीर्थ की उत्पति का वर्णन किया है। इसमें बताया कि इस तीर्थ की उत्पति महाभारत काल से पूर्व की है। वामन पुराण के अध्याय दो के 34वें श्लोक के काम्यकवन तीर्थ प्रसंग में स्पष्ट लिखा है कि रविवार को सूर्य भगवान पूषा नाम से साक्षात रूप से विद्यमान रहते हैं। इसलिए वनवास के समय पांडवों ने इस धरा को तपस्या हेतु अपनी शरणस्थली बनाया। द्यूत-क्रीड़ा में कौरवों से हारकर अपने कुल पुरोहित महर्षि धौम्य के साथ 10 हजार ब्राह्मणों के साथ यहीं रहते थे। उनमें 1500 के लगभग ब्राह्मण श्रोत्रिय-निष्ठ थे, जो प्रतिदिन वैदिक धर्मानुष्ठान एवं यज्ञ करते थे। ग्रामीण सुमित शास्त्री ने बताया कि मंदिर में मार्गशीर्ष की शुक्ला सप्तमी पर 8 दिसंबर को रविवारीय शुक्ला सप्तमी मेला लगेगा। उनके अनुसार इसी पावन धरा पर पांडवों को सांत्वना एवं धर्मोपदेश देने हेतु महर्षि वेदव्यास, महर्षि लोमहर्षण, नीतिवेता विदुर, देवर्षि नारद, वृहद?श्व, संजय एवं महर्षि मारकंडेय पधारे थे। द्वारकाधीश भगवान श्रीकृष्ण अपनी धर्मपत्नी सत्यभामा के साथ पांडवों को सांत्वना देने पहुंचे थे। पांडवों को दुर्वासा ऋषि के श्राप से बचाने के लिए और तीसरी बार जयद्रथ के द्रोपदी हरण के बाद सांत्वना

## बस से उतरते ही छात्र पर 8 लोगों ने किया जानलेवा हमला

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल। जिले के रसीन** गांव में स्कूल बस से घर लौट रहे 11वीं कक्षा के छात्र पर अज्ञात हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने लाठी-डंडों से छात्र के सिर पर वार किया, जिससे उसका सिर फट गया। घायल छात्र ने किसी तरह से पास के ही एक घर में छिपकर अपनी जान बचाई। घायल अवस्था में छात्र को घरौंडा के सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया और मेडिकल करवाने के बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव रसीन निवासी पीड़ित छात्र अभिमन्यु ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि वह घरौंडा के एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ता है। बुधवार को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे वह अपने गांव पहुंच गया था। जब वह स्कूल बस से अपने गांव के बस स्टॉप पर उतरा तो वहां पहले से तीन मोटरसाइकिलों पर सवार 8 व्यक्ति लाठी-डंडों के साथ मौजूद थे और सभी ने अपने चेहरे ढंक हुए थे। इन अज्ञात हमलावरों ने उसे घेर लिया और लाठियों से उस पर हमला कर दिया। पिता दिलबाग ने बताया कि हमले में उनके बेटे के सिर पर गंभीर चोट आई है। उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। हमलावरों से बचने के लिए उसका लड़का सामने वाले घर में घुस गया।

## पश्चिमी यमुना नहर पर हुई तीन ट्रकों की टक्कर,एक का डीजल टैंक फूटा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल। जिले में पश्चिमी** यमुना नहर पर तीन ट्रकों की आपस में भिड़ंत हो गई। हादसे में एक ट्रक का डीजल टैंक भी फूट गया, जिससे डीजल सडक पर बिखर गया। हादसा ओवरटेक करने के दौरान हुआ। ग?नीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। आरोपी ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया। बीती देर रात एक ट्रक करनाल से राजस्थान जा रहा था। राजस्थान नंबर ट्रक के ड्राइवर हरजीत सिंह ने बताया कि वे सिरसा के रहने वाले है। वह पश्चिमी यमुना नहर पर पहुंच चुका था। तभी पीछे से एक ट्रक आया और वह ओवरटेक करने लगा। हरजीत ने कहा कि ओवरटेक करने की जगह नहीं थी, लेकिन उसने जबरन ट्रक निकाला और वह ट्रक मेरी खिड़की से टकरा गया और ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इतना ही नहीं ट्रक ने आगे चल रहे पंजाब नंबर ट्रक को भी टक्कर मारी। जिसके डीजल टैंक को नुकसान हुआ और एक बड़ा छेद टैंक में बन गया और उसका सारा डीजल सडक पर बिखर गया। गनीमत रही कि कोई आगजनी नहीं हुई।

## शहीदी दिवस समर्पित नगर का 70 माइलस्टोन ढाबे पर स्वागत किया



टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत, (कमाल हुसैन) हर साल की तरह गुरु** तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस को समर्पित नगर 70 माइलस्टोन ढाबा पर रुका ढाबा के मालिक रेशम सिंह, हरबंस सिंह, मनप्रीत सिंह उर्फ. मन्नू और 70 माइलस्टोन ढाबा के सभी स्टाफ ने संगत का स्वागत किया।

## निराश्रित पशुओं को पकडे का अभियान जारी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल। नगर निगम आयुक्त** डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि शहरवासियों को सडकों पर घूमते पशुओं से निजात दिलाने के लिए नगर निगम का निराश्रित पशुओं को पकडे का अभियान निरंतर जारी है। इसके तहत रोजाना करीब 10 गौवंश यानि गाय व नंदी को पकडकर फूसगढ़ स्थित नगर निगम की गौशाला में भेजा जाता है। निगमायुक्त ने अभियान की जानकारी देते बताया कि बीती 25 अक्तूबर को निराश्रित पशुओं को पकड? का अभियान शुरू किया गया था, जो जारी है। उन्होंने बताया कि इसके तहत अब तक करीब 255 गौवंश को



पकडकर फूसगढ़ स्थित नगर निगम की गौशाला व नंदीशाला में रखा गया है। उन्होंने बताया कि सभी पशुओं को पशुपालन विभाग से टैगिंग करवाने के उपरांत ही गौशाला में छोड़ा जाता है। दूसरी ओर उन्होंने बताया कि गौशाला व नंदीशाला में पशुओं की संख्या क्षमता से अधिक होने के कारण उन्हें करनाल जिला की अन्य गौशालाओं में से बात कर स्थानांतरित किया जा रहा है। इसके तहत निसिंग गौशाला में 51 गौवंश को स्थानांतरित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जिला की अन्य गौशालाओं में भी गौवंश को स्थानांतरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बेसहारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए नगर निगम योजना बनाकर कार्य कर रहा है। इसके तहत फूसगढ़ स्थित गौशाला व नंदीशाला से पशुओं को अन्य गौशालाओं में भेजकर स्थान बनाया जा रहा है। दूसरी ओर नंदीशाला का विस्तार भी किया जा रहा है। इसके लिए नंदीशाला के पीछे के ओर नगर निगम की करीब एक एकड़ 7 कनाल भूमि पर पिलर व तारबंदी का कार्य किया जा चुका है। अब इसकी चारदीवारी के बाद वहां नंदी छोड़े जाएंगे। उन्होंने बताया कि निराश्रित/बेसहारा पशुओं को पकडने को लेकर सभी सफाई निरीक्षकों के नेतृत्व में सभी चार जोन में अभियान चलाया जा रहा है।

## पीएम बीमा सखी योजना की देगें बड़ी सौगातः श्रुति चौधरी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल। हरियाणा की महिला** एवं बाल विकास व सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि हरियाणा के लिए गौरव की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 दिसम्बर को पानीपत की ऐतिहासिक धरा से बीमा सखी योजना की शुरूआत करके देश की महिलाओं के लिए एक बहुत बड़ी सौगात देंगे, यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम है। इस बात को लेकर विशेष तौर से हरियाणा प्रदेश की महिलाओं में एक उत्सव का माहौल है और लाखों की संख्या में पानीपत में पहुंचेंगें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पानीपत की ऐतिहासिक धरा से ही



बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत की थी जिसके फलस्वरूप लिंगानुपात में निरंतर सुधार हो रहा है। श्रुति चौधरी वीरवार को करनाल प्रवास के दौरान कर्ण कमल भाजपा कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रही थी। मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा प्रदेश के साथ बहुत गहरा नाता रहा है और प्रदेश की जनता के साथ हमेशा अटूट रिश्ता रखा है। जब भी हरियाणा दौरे पर आते हैं तो प्रदेश को बड़ी-बड़ी सौगात देकर जाते हैं। इसी कड़ी में भारत सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बीमा सखी योजना की शुरूआत करने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की बड़ी-बड़ी योजनाओं की शुरूआत हरियाणा प्रदेश से करते हैं। इसके पीछे उनकी सोच है कि हरियाणा प्रदेश आगे बढ़े और महिला सशक्त बने। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी देश की जनता के प्रेरणा स्त्रोत है, इनके व्यक्तित्व ने पूरे विश्व में एक जबरदस्त छाप बनाई है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि करनाल जिला पानीपत से सटा हुआ है, ऐसे में 9 दिसम्बर को आयोजित कार्यक्रम में यहां से सबसे ज्यादा हाजरी होनी चाहिए।

## पीएम मोदी के 9 दिसम्बर के प्रस्तावित दौरे को लेकर हुई बैठक

टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**पुलिस महानिरीक्षक करनाल** मंडल करनाल कुलविंद्र सिंह आईपीएस ने पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 दिसम्बर के प्रस्तावित दौरे को लेकर कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी में लगे अधिकारियों की वीरवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जिम्मेदारी समझाई। मिटिंग के बाद उन्होंने सभी अधिकारियों के साथ सेक्टर 13/17 में कार्यक्रम स्थल, हैलीपैड, रूट व पार्किंग का दौरा किया कर व्यवस्थाओ का जायजा



लिया। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा को लेकर की गई तैयारियों बारे पुलिस महानिरीक्षक करनाल मंडल करनाल कुलविंद्र सिंह को बारिकी से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल के आस पास की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई है और कार्यक्रम के दिन 2 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किये जाएगें। सुरक्षा व्यवस्था में 10 एसपी, 71 डीएसपी व 2 हजार जवानों की ड्यूटी लगी है। मार्गो पर विशेष रूप से ड्यूटी लगाई गई। वाहनों के लिए दो पार्किंग बनाई गई कार्यक्रम में शामिल होने वाले आमजन के वाहनों के लिए जीटी रोड से सेक्टर 13/17 में प्रवेश करते ही दाई साईड खाली 30 एकड़ जगह पर दो पार्किंग बनाई गई है। इसमें कारों व बसों के लिए अलग अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई है। कार सेक्टर 13/17 कट से होकर पार्किंग में प्रवेश करेंगी व बस जीटी रोड पर आनंद गार्डन के पास से पार्किंग में प्रवेश करेंगी। यहा वाहनों से उतरकर सभी पंडाल द्वारा तक पैदल जाएगे। प्रवेश द्वार पर सभी की डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर से चैकिंग की जाएगी। चेकिंग के बाद प्रवेश दिया जाएगा।

**पंडाल को सेक्टर में बाटकर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई**

पंडाल को अलग अलग सेक्टर में बाटकर अधिकारियों को सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। सादे कपड़ो में भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। रूट सहित कार्यक्रम स्थल के आसपास की इमारतों पर दूरबीन के साथ पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। जो चप्पे चप्पे पर विशेष नजर रखेंगे। कार्यक्रम स्थल सहित पूरे जिला में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। सुरक्षा के कड़े पुख्ता प्रबंध किये जा रहे हैं। इस दौरान विभिन्न जिलो से ड्यूटी पर पहुंचे एसपी, डीएसपी व डीएसपी, एसीपी व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स, यातायात उप पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार सैनी, उप पुलिस अधीक्षक राजबीर सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

## जिले से चार युवतियां रहस्यमय परिस्थितियों में हुई लापता

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल। जिले में चार युवतियां** के लापता हो गई। एक युवती घर से बिना बताए निकली है तो दूसरी रिश्तेदारी से अपनी ससुराल ही नहीं पहुंची। वहीं दो मामलों में परिजनों ने युवकों पर शक जताया है। परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। करनाल के सैक्टर-4 थाना क्षेत्र में महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी भाभी की बेटी 2 दिसंबर को घर से कहकर निकली थी कि वह अपनी ससुराल जा रही है। बेटी ने गहरे गुलाबी रंग का सूटए पलाजो और ग्रे रंग का कोट पहन रखा था। साथ ही उसने सोने की बालियां, नथनी और काले रंग की चप्पल पहन रखी थी। परिजनों के अनुसार ससुराल पहुंचने से पहले ही वह लापता हो गई। उनका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले युवक ने अपनी 18 वर्षीय बहन के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। युवक ने बताया कि उसकी बहन 4 दिसंबर को अचानक घर से गायब हो गई। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिली। युवक का आरोप है कि गांव के ही एक युवक उसकी बहन को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है कुंजपुरा थाना क्षेत्र के गांव से 21 वर्षीय युवती के लापता हो गई। शिकायतकर्ता पिता ने बताया कि उसकी बेटी 3 दिसंबर की शाम घर से बिना किसी को बताए, कहीं चली गई। परिजनों ने अपनी तरफ से काफी खोजबीन की, लेकिन अब तक उसका कोई पता नहीं चल पाया है। मधुबन थाना क्षेत्र से 18 वर्षीय युवती के अचानक लापता हुई है।

## न्यूज फ्लैश

### दिव्यांगजनों को सार्थक अवसर देने के लिए प्रयासरत फ्लिपकार्ट

**फरीदाबाद ।** फ्लिपकार्ट समर्पित कार्यक्रमों एवं समावेशी प्रक्रियाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों को सार्थक अवसर देने के लिए प्रयासरत है। फ्लिपकार्ट ऐसे माहौल को बढ़ावा दे रहा है, जहां कर्मचारी अपनी वास्तविक प्रतिभा दिखाने में सक्षम हों। अपने इकोसिस्टम के महत्वपूर्ण भाग के तौर पर 2000 से ज्यादा दिव्यांग कर्मचारियों के साथ फ्लिपकार्ट ने समावेशी कार्यस्थल की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। पीडब्ल्यूडी हब (शारीरिक रूप से दिव्यांगजनों के लिए हब) स्थापित करना अयोग्यता पर योग्यता को वरीयता देने की फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के मौके पर सुनील कुमार, वेंकटेश और रविंदर जैसे डिलीवरी एक्जीक्यूटिव्स की इन प्रेरक कहानियों के माध्यम से हम फ्लिपकार्ट की विभिन्न पहल के प्रभाव को समझ सकते हैं। सुनील कुमार पोलियो के शिकार हैं और कोविड-19 महामारी के दौरान होटल लॉन्ड्री में अपनी नौकरी चली जाने के बाद से स्थायी नौकरी पाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। उसी दौरान एक एनजीओ वॉलंटियर ने दिव्यांगों को नियुक्त करने की फ्लिपकार्ट की पहल के बारे में उन्हें बताया। हर सुबह वह औसतन 70-80 डिलीवरी का लक्ष्य लेकर चलते हैं। बिग बिलियन डेज जैसे विशेष मौकों पर सुनील ने 100 से ज्यादा डिलीवरी करने की चुनौती ली और गर्व एवं दृढ़ता के साथ उसे पूरा किया। पोलियो का शिकार होने के कारण वेंकटेश के पास सीमित अवसर थे। उसी दौरान फ्लिपकार्ट में काम करने वाले उनके एक दोस्त ने उन्हें यहां दिव्यांगों के लिए अवसर के बारे में जानकारी दी। फ्लिपकार्ट में मिले प्रशिक्षण एवं समर्थन से उन्हें चुनौतियों को पार करने और बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिली। 40 साल के रविंदर 2015 में एक फुटबॉल दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के कारण उन्हें करीब 2 साल बिस्तर पर रहना पड़ा था। उनकी नौकरी चली गई और उन्हें वित्तीय अनिश्चितता का सामना करना पड़ा। एक आंख से कम दिखाई देने की समस्या के बाद भी रविंदर फ्लिपकार्ट में डिलीवरी एक्जीक्यूटिव के रूप में अपना काम पूरे समर्पण के साथ करने के लिए तैयार थे। स्थायी आय की संभावना ने उन्हें इसके लिए प्रेरित किया था।



### होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया बेचता है नवंबर 2024 में 4,72,749 यूनिट

**करनाल।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज नवंबर 2024 महीने के लिए अपनी समग्र बिक्री की घोषणा की। माह के दौरान कंपनी ने 4,72,749 इकाइयों की बिक्री की । इसमें 4,32,888 इकाइयों की घरेलू बिक्री और 39,861 इकाइयों का निर्यात शामिल है ।

उल्लेखनीय है कि एचएमएसआई की ळऊबिक्री (अप्रैल-नवंबर 2024) 42,28,837 इकाई है । इसमें 38,67,427 घरेलू बिक्री और 3,61,410 निर्यात इकाइयाँ शामिल हैं।

**नवंबर 2024 की मुख्य विशेषताएं:** त्पाद: होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में एक्टिवा ई: और दउ1 को पेश करके मोबिलिटी के अगले युग की शुरूआत की । दउ1 के साथ-साथ आइकॉनिक एक्टिवा ब्रांड को बिल्कुल नए इलेक्ट्रिफाइड अवतार में पेश करना भारत में सस्टेनेबल मोबिलिटी के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण क्षण है। इसके लिए बुकिंग 1 जनवरी, 2025 से शुरू होगी और डिलीवरी फरवरी 2025 से शुरू होगी ।

**सड़क सुरक्षा:** भारत में सड़क सुरक्षा जागरूकता का विस्तार करते हुए, एचएमएसआई ने भारत भर के 09 शहरों – हैदराबाद (तेलंगाना), गुवाहाटी (असम), बीजापुर (कर्नाटक), करीमनगर (तेलंगाना), बरेली (उत्तर प्रदेश), कोल्लम (कर्नाटक) में जागरूकता अभियान चलाया।

# पूरे विश्व को पर्यावरण का संदेश देती है गीता: बंडारू दत्तात्रेय

## सांस्कृतिक एवं कला प्रतियोगिताओं में प्रदेश भर के शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों में भारी उत्साह

**गीता का सार**

**सरकार भी सौर उर्जा के माध्यम से कार्बन के उत्सर्जन पर नियंत्रण कर पर्यावरण संतुलन के क्षेत्र में योगदान दे रही**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र: गीता पूरे** विश्व को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है। गीता सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का ऐसा ग्रंथ है जिसके माध्यम से मानव जीवन से जुड़ी हुई सभी समस्याओं का समाधान निहित है। ये उदगार हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने केयू तथा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में ऑडिटोरियम हॉल में श्रीमद्भगवद् गीता आधारित संतुलित प्रकृति - शुद्ध पर्यावरण विषय पर आयोजित 9वें तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अभिव्यक्त किए। इससे पहले राज्यपाल एवं अतिथियों द्वारा विधिवत रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर अंतर्राष्ट्रीय गीता सम्मेलन का उद्घाटन किया गया व गीता सम्मेलन की स्मारिका का विमोचन किया।



राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि भारत की केन्द्र सरकार गीता के संदेश का निर्वहन करते हुए 2035 तक सौर उर्जा के माध्यम से 6000 मैगावाट बिजली उत्पादन कर कार्बन उत्सर्जन को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हरियाणा सरकार भी सौर उर्जा के माध्यम से कार्बन के उत्सर्जन पर नियंत्रण कर पर्यावरण संतुलन के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि अपनी सामाजिक समस्याओं के निवारण के लिए गीता का पाठ अवश्य करें।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के रूप में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि गीता भारत के सांस्कृतिक इतिहास की विरासत है।

यह सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का ग्रंथ है। इसमें भारतीय एकता एवं अखंड़ता का स्वरूप दिखाई देता है। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में गीता का महत्वपूर्ण योगदान है। आवश्यकता है गीता के पर्यावरण संरक्षण संदेश को पूरे विश्व तक पहुंचाने की। गीता उपनिषदों, वैदिक ग्रंथों का सार है। सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा कि गीता सम्पूर्ण मानवता के जीवन दर्शन का सार है। उन्होंने कहा कि धर्म और ज्ञान की भूमि कुरुक्षेत्र आकर पूर्णता की अनुभूति हो रही है।

हरियाणा सरकार द्वारा 18 दिन तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव से पूरे विश्व को पता लगेगा की गीता में लिखा क्या है। जीवन में उत्कंठा, विडम्बना, असंमजस से गीता का ज्ञान हमें सही दिशा में लेकर जाता है। गीता धार्मिक, नैतिक ग्रंथ है जो हमें सभी जिज्ञासाओं, अंदर से मजबूती, संकट के समय सही निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करता है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्व को जागृत करने का कार्य किया है तथा गीता को पूरे विश्व की धरोहर बताया है।

# बाल विवाह सामाजिक बुराई हमें इसे मिटाना होगा: सूरज



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के पूर्व सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सूरज भान कटारिया ने कहा है कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है और हम सबको मिलकर इसको समाप्त करने का प्रयास करना होगा! कटारिया आज प्रातः जिला सचिवालय में एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था के जिला स्तरीय बाल विवाह रोकथाम सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। कटारिया ने कहा कि आज के समय में हमें लड़का लड़की में कोई भेदभाव ना करके और बाल विवाह की वजह अपने बच्चों को शिक्षित करने पर ध्यान देना चाहिए। 18 वर्ष की आयु लड़कियों के लिए और 21 वर्ष की आयु लड़कों के सरकार द्वारा तय की गई है हम सभी को अपने परिवार समाज में इसका पालन करना चाहिए। जिला बाल संरक्षण समिति सीडब्लूसी के अध्यक्ष कृष्ण पांचाल ने कहा हमारे जिले की अनुभवी टीम बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों और बाल संरक्षण के अधिकारों के लिए सफलता से कार्य कर रही है। एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था की जिला समन्वय एवं आयोजक श्रीमती रीतु बारना ने सभी का स्वागत किया !कार्यक्रम को महिला बाल विकास मंत्रालय के अधीन सखी संस्था की संचालिका श्रीमती शैलजा सैनी, जिला प्रोटक्शन अधिकारी श्रीमती श्वेता राणा, जिला बाल संरक्षण समिति सीडब्लूसी के सदस्य हरि सिंह, जोगिंद्र दत्ता, एडवोकेट कुलदीप सिंह, मीडिया वेलफेयर क्लब कुरुक्षेत्र के प्रधान बाबूराम तुषार, सरपंच एसोशिएशन पीपली ब्लॉक के अध्यक्ष जगतार सिंह खैरा, जगमाल सिंह चंदेल आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# समाधान शिविर में डीसी ने सुनी लोगों की समस्यायें

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: उपायुक्त** पार्थ गुप्ता ने कहा कि जिस विभाग से सम्बन्धित किसी योजना के लिए भी यदि कोई पात्र व्यक्ति है, सम्बन्धित विभाग उसे उस योजना का लाभ दिलवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ-साथ समाधान शिविर में जो भी शिकायत प्राप्त हो रही है, उसका सम्बन्धित विभाग बेहतर समन्वय बनाकर समाधान करवाना सुनिश्चित करवाएं। उपायुक्त जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए आमजन की समस्याओं को सुन रहे थे। आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त ने आए प्रार्थियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनका समाधान करने की दिशा में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहना चाहिए कि समाधान शिविर में जो शिकायतें प्राप्त होती है उसका तो प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना है साथ ही उनके कार्यालय में भी कोई भी शिकायत प्राप्त होती है उसका भी वे प्राथमिकता से समाधान करवाएं। उन्होंने समाधान शिविर में उपस्थित सभी सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी कहा कि उनके विभाग से सम्बन्धित जो परियोजनाएं एवं योजनाओं का लाभ देने में जो प्रगति रिपोर्ट है वह भी साथ लेकर आएं। समाधान शिविर में 7 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही निपटान किया गया। निपटान होने वाली शिकायतों में बुढ़ापा पैंशन, पीला राशन कार्ड, इनकम ठीक करवाने बारे व एक पैंशन से सम्बन्धित समस्या शामिल हैं।

# गीता जयंती समारोह को भव्य रूप देने के लिए संस्थाओं ने की बैठक

## जन-जन तक गीता का उपदेश पहुंचाने के लिए जिला की धार्मिक व सामजिक संस्थाएं समारोह में बढ़चढकर लेंगी भाग

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: 09 से** 11 दिसंबर तक सुभाष स्टेडियम में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर जिला की विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी संस्थाओं ने निर्णय लिया कि इस बार के गीता जयंती समारोह को दिव्य व भव्य रूप देने के लिए सभी संस्थाएं मिलकर जिला प्रशासन का सहयोग करेंगे। बैठक के दौरान समारोह को लेकर सभी प्रकार की चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों ने गीता जयंती को धूमधाम से मनाने के लिए कई सुझाव दिए। इनमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन संध्या, गीता पाठ, और प्रवचन जैसे कार्यक्रमों का आयोजन शामिल है। साथ ही, समारोह में शहर के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर भी जोर दिया गया। इस दौरान सरदार मोहन सिंह मनोचा ने कहा कि गीता जयंती का त्योहार हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हम इस समारोह को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से इस साल का गीता जयंती समारोह सोनीपत में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाएगा और यह शहर के लोगों के लिए एक यादगार अनुभव होगा। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस बार के गीता जयंती समारोह में शहर की प्रत्येक व्यक्ति को जोड़ा जाए ताकि गीता का संदेश हर घर तक पहुंच सके और सभी गीता के उपदेशों के साथ अपने जीवन में आगे बढ़ते हुए समाज के उत्थान के लिए कार्य करें। गीता जयंती महोत्सव के दौरान 11 दिसंबर को शहर में शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो सेक्टर-15 स्थित कम्युनिटी सेंटर से शुरू होकर सुभाष स्टेडियम पहुंचेगी। इस बार की शोभा यात्रा में विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की 15 से अधिक झांकियां गीता के उपदेशों को जीवन में अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करेंगी और शहर में गीता का संदेश देंगी। सभी संस्थाओं ने निर्णय लिया कि इस बार की शोभा यात्रा इतनी भव्य होगी कि पूरे शहर गीता के संदेशों और प्रवचनों में लीन दिखाई देगा। इस मौके पर शशिकरण नासा, नरेन्द्र बुटानी, प्रवीण वर्मा, रविन्द्र सरोहा, सुरेश कालरा, योगेन्द्र सरोहा, दिनेश तनेजा, ऊषा भंडारी, मदनलाल तनेजा, सुभाष अरोड़ा, पवन तनेजा, हवा सिंह, बीआर आहुजा, रोहित आहुजा, मनोज डिंबला, राम प्रकाश हुड्डा, नरेन्द्र राय, जयवीर गहलावत, संजीव सरदाना, प्रमानंद बत्रा, मोहन तनेजा, सतीश विज मौजूद रहे।

**सहयोग**

**समारोह को दिव्य व भव्य रूप देने के लिए सभी संस्थाएं मिलकर जिला प्रशासन का सहयोग करेंगे**

# रुपेश खन्ना कुरुक्षेत्र विवि पंजाबी सभा के बने प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र : गत दिवस** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पंजाबी सभा के प्रधान नरेश चैधरी की अध्यक्षता में पंजाबी सभा की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर आम सभा का आयोजन नॉन टीचिंग क्लब में किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से रुपेश खन्ना (स्वास्थ्य केंद्र) को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पंजाबी सभा का प्रधान चुना गया। इसके अलावा



रेखा जी (स्थापना शाखा) को सभा के उप प्रधान के रूप में चुना गया तथा महासचिव के पद पर राजेश अरोड़ा जी को अपनी सेवाएं जारी रखने के लिए विशेष आग्रह किया गया जिसे उन्होंने सभा के प्रति अपने दायित्व को समझते हुए सहर्ष स्वीकार किया। सभा की कार्यकारिणी के बाकी सभी सदस्यों के नाम जल्द ही प्रस्तावित किए जाएंगे। सभा के प्रधान चुने जाने पर रूपेश खन्ना ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा सभा की उन्नति के लिए मेहनत और ईमानदारी के साथ काम करने की प्रतिबद्धता जताई। सभा के प्रधान नरेश चैधरी तथा सभी सदस्यों ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। अंत में महासचिव राजेश अरोड़ा जी ने आम सभा में बैठे हुए सभी सम्मानित सदस्यों का विशेष रूप से धन्यवाद किया तथा आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सभा के पूर्व प्रधान मनीष खुराना जी, श्रीमती कंचन बालाजी, श्रीमती राजबाला जी, श्रीमती सीमा हमबीरिया जी, विनोद सहगल जी, श्रीमती सुनीता धमीजा जी, संदीप अनेजा जी, कुलदीप बत्रा जी, नवीन छिब्बर जी आदि उपस्थित थे ।

# पंजाबी प्राध्यापकों की कार्यशाला हुई सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** एस.सी.इ.आर.टी. गुरुग्राम हरियाणा द्वारा राज्य के पंजाबी प्राध्यापकों की की तीन दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न करवाई गई जिसमें विषय से संबंधित विभिन्न जिलों के लगभग 27 प्राध्यापकों ने भाग लिया। इस तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए एस.सी.इ.आर.टी के डिप्टी डायरेक्टर वीरेंद्र सिंह नाहरा ने अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां से ट्रेनिंग लेने के बाद मास्टर ट्रेनर्ज अपने-अपने जिलों में प्रध्यापकों को अपने विषय से संबंधित जानकारी देंगे ताकि वह अपनी कक्षाओं में छात्रों को पंजाबी विषय के प्रभावशाली अधिगम से जोड़ सकें। इस कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर डा. सुनीता यादव ने अपने भाषण के दौरान बताया कि भारतीय भाषाएँ हमें आपस में जोड़ने में काम करती हैं।

एस.सी.इ.आर.टी के प्रमुख डा. मधुप कुमार ने बताया कि एस.सी.इ.आर.टी की ओर से पंजाबी अध्यापकों के लिए मॉड्यूल भी तैयार किया गया है जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं एन.सी.एफ. 2023, दूसरी भाषा शिक्षा हरियाणा के संदर्भ में, पंजाबी भाषा जन्म, विकास एवं सम्भावनाऐं, साहित्य के विभिन्न रूप, पाठ योजना-उद्देश्य एवं सरंचना, गद्य, पद्य, कहानी, एकांकी, व्याकरण, लेखन कौशल, वातावरण शिक्षा, पुस्तकालय के उपयोग आदि के बारे में विभिन्न विद्वानों द्वारा पाठ्य सामग्री तैयार की गई है। निश्चित रूप से स्कूली पंजाबी अध्यापकों को इस मॉड्यूल का काफी लाभ मिलेगा। इस कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर्ज को पंजाबी विषय से सम्बंधित, दिल्ली यूनिवर्सिटी से पंजाबी विभाग की ओर से डॉ. नछतर सिंह द्वारा 'पंजाबी व्याकरण' विषय पर, पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला की ओर से डॉ. सी.पी. कंबोज ने 'पंजाबी अध्यापन में कंप्यूटर के उपयोग' और सी.बी.एस.सी. की पंजाबी पाठ्यक्रम कमेटी के सदस्य एवं गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल लोनी रोड शहादरा के पंजाबी विभाग के मुखिया स. प्रकाश सिंह गिल की ओर से 'पंजाबी विषय के महत्व और रोजगार' विषयों पर बड़े विस्तृत ढंग से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शामिल अध्यापकों को पंजाबी विषय के स्टेट कॉर्डिनेटर डॉ. करनैल चंद बैंस, डॉ. महिंदर कुमार, डॉ. रेखा रानी ने इस कार्यक्रम को सम्पन्न करवाने में अपनी अहम भूमिका निभाई वहीं डॉ. गुरदीप सिंह, गुरनाम सिंह, जगदीप सिंह ने अपने भाषणों में पंजाबी विषयों से सम्बंधित अहम भविष्य में भी एस.सी.इ.आर.टी. की ओर से पंजाबी विषय से सम्बंधित इस प्रकार के कार्यक्रम करवाये जाएंगे।

# वी.बी एजुकेशनल ट्रस्ट का प्रकाशन कार्य हुआ प्रारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के वी.बी. एजुकेशनल ट्रस्ट के प्रकाशन कार्य हेतु नये भवन का हवन यज्ञ के साथ बुधवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के सह संगठन मंत्री यतींद्र शर्मा ने आहुति डाली। साथ ही उन्होंने क्षेत्र व स्थानीय समिति को इस मौके पर विस्तारपूर्वक जानकारी देकर बधाई व शुभकामनाएं दी। विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री विजय नड्डा ने भी प्रकाशन कार्य हेतु नई योजनाओं पर विचार-विमर्श कर उन्हें शीघ्रता से लागू करने के लिए मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि प्रकाशन



कार्य को विस्तार देने हेतु एवं राष्ट्रीय स्तर का साहित्य व गुणवत्तापूर्ण पुस्तकें उपलब्ध करवाने हेतु नए भवन में हवन करके विधिवत रूप से ट्रस्ट ने अपना कार्य शुरू कर लिया है। यह आज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रकाशन के इस नये कार्यालय से दिल्ली, हिमाचल, पंजाब, हिमाचल व जम्मू के अंतर्गत चलने वाले लगभग 452 विद्यालयों हेतु पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाती है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुरेन्द्र अत्री, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष अश्वनी गुप्ता, रत्नचन्द सरदाना, अशोक रोसा, ग्रामीण शिक्षा विकास समिति के मंत्री चेतराम शर्मा, मलखान सिंह, सुमन बाला, यशपाल वधवा, अनिल कुलश्रेष्ठ, बलबीर सिंह, शाम लाल, विवेक कौशिक, शमशेर सिंह, सन्नी कुमार सहित काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**बधाई**

**क्षेत्र व स्थानीय समिति को इस मौके पर विस्तारपूर्वक जानकारी देकर बधाई व शुभकामनाएं दी**

# कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन, दिखाई प्रतिभा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जयराम विद्यापीठ में हर वर्ष गीता पर आधारित विभिन्न वर्ग की प्रदेश स्तरीय सांस्कृतिक एवं कला प्रतियोगिताओं में हजारों विद्यार्थी भाग लेते हैं।

प्रतियोगिताओं के पहले दिन जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी के सान्निध्य में कार्ड मेकिंग एवं पोट डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि इन दोनों प्रतियोगिताओं में करीब 50 टीमों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि तीन दिन तक चलने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में भारी उत्साह के साथ विद्यार्थी प्रतिभा



का जौहर दिखा रहे हैं। कार्ड मेकिंग एवं पॉट डेकोरेशन में डा. आर.के. सिंह एवं आर.डा. राकेश बाणी निर्णायक मंडल में शामिल रहे। जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता एवं पोट डेकोरेशन प्रतियोगिता में बनी कलाकृतियों का अवलोकन करते हुए प्रतिभागियों की सराहना की और कहा कि बच्चों में कला कौशल का भण्डार है। बच्चों की मजबूत नींव से मजबूत समाज और राष्ट्र का निर्माण होगा। उन्होंने बताया कि विद्यापीठ द्वारा हर वर्ष गीता जयंती पर आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में विशेष तौर पर अच्छे संस्कारों और अच्छी शिक्षा के महत्व पर बल दिया जाता है।

**सांस्कृतिक**

**गीता पर आधारित विभिन्न वर्ग की प्रदेश स्तरीय सांस्कृतिक एवं कला प्रतियोगिताओं में हजारों विद्यार्थी भाग लेते हैं।**

कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता परिणाम

कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में सुगनी देवी आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं विजडम वर्ल्ड स्कूल को प्रथम स्थान हासिल हुआ। प्रतियोगिता में एम.एस. सीनियर सकैंडरी स्कूल झांसा, एस.के.एस. इंटरनैशनल गुरुकुल तथा महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल सैक्टर 7 दूसरे स्थान पर रहे।

पार्थ पब्लिक स्कूल घरौंडा, महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल सिटी ब्रांच व धन्ना भगत पब्लिक स्कूल ने प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में के.एस. कॉन्वेंट स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल सलपानी खुर्द ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया।

पोट डेकोरेशन प्रतियोगिता परिणाम

पोट डेकोरेशन प्रतियोगिता में विजडम वर्ल्ड स्कूल तथा अग्रसेन पब्लिक स्कूल सैक्टर 13 को प्रथम स्थान हासिल हुआ। स्वराज पब्लिक स्कूल, सुगनी देवी आर्य गर्ल्स सीनियर सकैंडरी स्कूल एवं पार्थ पब्लिक स्कूल प्रतियोगिता में दूसरे स्थान रहे।

# गीता महोत्सव पर षडदर्शन साधु समाज द्वारा गीता महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर आज षडदर्शन साधुसमाज द्वारा गीता महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। षडदर्शन साधुसमाज के मुख्यालय श्रीअवधूत आश्रम पिहोवा मार्ग नरकातारी कुरुक्षेत्र पर संत समाज द्वारा गीता महोत्सव पर विश्व कल्याण सुख शांति के लिए गीता महायज्ञ में आहुतियां डाली गई। जिसमें षडदर्शन साधुसमाज के संरक्षक महंत बंशी पुरी जी महाराज,अध्यक्ष परमहंस ज्ञानेश्वर महाराज, उपाध्यक्ष महंत गुरुभगत सिंह, कोषाध्यक्ष महंत महेश मुनि, महासचिव महंत ईश्वर दास, संगठन सचिव वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक, डा. गार्गी ब्रह्मवादिनी, महंत सर्वेश्वरी गिरि,महंत लाल गिरि, महंत जनार्दन दास,स्वामी हरिओम पारिवाजक्र, स्वामी राजेंद्र दास, प्रो. बाबा चेतन मुनि, संगठन महामंत्री महंत सुनील दास, कार्यालय सचिव महंत राम अवतार दास, महंत वासुदेवानंद गिरि, कोतवाल महंत विशाल दास, महंत स्नेह दास इत्यादि संत महात्माओं ने यज्ञ में आहुतियां डाली। अवधूत आश्रम के संचालक परमहंस ज्ञानेश्वर महाराज ने कहा कि कुरुक्षेत्र में गीता जन्मस्थली में गीता महायज्ञ का अपना विशेष महत्व है। यज्ञ से निकली ऊर्जा मानव कल्याण के लिए आलौकिक शक्ति प्रदान करती है और रोगों का निवारण करने में अहम योगदान प्रदान करती है।

गीता महायज्ञ आज 5 दिसंबर से 11 दिसंबर तक अवधूत आश्रम में गोहाना से आए यज्ञाचार्य सोम दत्त, आचार्य मनीष मिश्रा के साथ विद्वान ब्राह्मणों द्वारा किया जा रहा है। जिसमें देश विदेश से संत समाज के इलावा श्रद्धालु गणमान्यजन भी गीता महायज्ञ में भाग ले रहे है। गीता महायज्ञ साप्ताहिक में प्रतिदिन प्रातः 9 बजे गीता पूजन के साथ प्रथम अध्याय से 18 वें अध्याय तक के 700 श्लोकों से संत समाज एवं श्रद्धालुओं द्वारा दिन में तीन बार आहुतियां डाली जा रही है। षडदर्शन साधुसमाज द्वारा सभी संत और श्रद्धालु आमंत्रित।

# महिलाओं की सुविधाओं का रखना होगा विशेष ध्यान: महिला एवं बाल विकास मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**महिला एवं** बाल विकास सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने गुरूवार को सैक्टर 13-17 में 9 दिसम्बर को आयोजित किये जा रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया व अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशानिर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पानीपत की ऐतिहासिक भूमि पर ऐतिहासिक कार्यक्रम होने जा रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश भर से हजारों की संख्या में महिलाएं शिरकत करेगी। उन्होंने कहा कि



महिलाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है। इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

मंत्री ने कहा कि सभा स्थल पर महिलाओं के लिए पानी की विशेष व्यवस्था करनी होगी। महिलाओं के लिए शौचालय से संबंधित टायलेट की व्यवस्था पर भी ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम में पहुंचनी वाली महिलाओं को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े इस पर विशेष ध्यान देना होगा।

मंत्री ने कहा कि महिलाओं के लिए बैठने की बेहतरीन व्यवस्था होनी चाहिए। दूर दराज से आनी वाली महिलाओं के वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था पर ध्यान देना होगा। उनके लिए भोजन की व्यवस्था पर भी ध्यान देना होगा। महिलाएं समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने के बाद कहा कि ऐतिहासिक भूमि पानीपत में प्रधानमंत्री का आगमन जिले ही नहीं प्रदेश के लिए भी गौरव की बात है। इसमें किसी तरह की कोर कसर नहीं रहनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने मंच का निरीक्षण भी किया।

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज ने बताया कि 9 दिसम्बर के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरा प्रशासन गंभीर है।
अधिकारियों को विभागीय अनुसार जिम्मेदारियां सौंपी गई है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निवर्हन करें व इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक कार्यक्रम बनाने में अपनी भूमिका निभायें।

# नशा हरता है मनुष्य के प्राण, घर हो जाता है सुनसान..



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा** राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिदेर्शों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोयला खुर्द में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 66 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ब्यूरो की सहयोगी प्रयास द्वारा करवाया गया। प्रयास से जुड़े विनोद शर्मा और राजेश कौशिक ने इस कार्यक्रम के संचालन में सहभागिता की। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए कहा कि यद्यपि भारत में ड्रग्स अर्थात प्रतिबंधित नशों पर नकेल डालने के लिए सीमा सुरक्षा बल, नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो और राज्यों की पुलिस और बहुत ही अच्छे ढंग से ड्रग फ्री भारत करने में कार्य कर रहे हैं। लेकिन इन सबके होते हुए भी प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने आसपास हो रही ऐसी गतिविधियों के प्रति सजग रहे।

## न्यूज फ्लैश

### जावा येजदी मोटरसाइकिल ने "राइड ऑफ द मरक्कर्स" मोटरसाइकिल रैली की घोषणा की

**नोएडा ।** भारतीय नौसेना और जावा येजदी मोटरसाइकिल ने चल रही "राइड ऑफ द मरक्कर्स" मोटरसाइकिल रैली की घोषणा की है, जो भारत की समृद्ध समुद्री विरासत और नौसेना की ताकत के लिए एक यादगार ट्रिब्यूट है। यह रैली 2 दिसंबर को मुंबई में कुंजली से 22 मोटरसाइकिलों के काफिले के साथ शुरू हुई, जिसका नेतृत्व भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी कर रहे थे।



यह ऐतिहासिक यात्रा एक और मील का पत्थर है क्योंकि इरअ मोटरसाइकिल पहली बार भारतीय नौसेना के जावा और येजदी मशीनों के भरोसेमंद बेड़े में शामिल हुई है। 10 दिवसीय सफर में 1,580 किलोमीटर की यात्रा शामिल होगी, जो 11 दिसंबर को मूल बिंदु पर समाप्त होगी। भारत में गर्व से निर्मित मोटरसाइकिलों से सजी यह काफिला पुणे, सतारा, दापोली, रत्नागिरी और गोवा में रणनीतिक पड़ाव बनाएगा। अपनी पूरी यात्रा के दौरान, सवार राष्ट्रीय गौरव, पर्यावरणीय स्थिरता और सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देंगे। जावा येजदी मोटरसाइकिल के मुख्य विपणन अधिकारी विशाल चौधरी कहते हैं, राइड ऑफ द मरक्कर्स भारतीय नौसेना के साथ हमारी स्थायी साझेदारी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह ऐतिहासिक सवारी उस पुल का प्रतीक है जिसे हम भारत के समुद्री रक्षकों और उनके द्वारा संरक्षित समुदायों के बीच बनाना जारी रखते हैं। हमारी मोटरसाइकिलें विश्वसनीयता और उत्कृष्टता के उन्हीं मूल्यों को दशार्ती हैं जिनके लिए भारतीय नौसेना खड़ी है। भारतीय नौसेना के राइड कैप्टन लेफ्टिनेंट कमांडर विशाल नायर ने कहा, नौसेना दिवस के अवसर पर, हम भारतीय नौसेना के नायकों की निडर भावना का सम्मान करने के लिए जावा येजदी मोटरसाइकिल के साथ मिलकर काम करने को लेकर रोमांचित हैं। ये मेड-इन-इंडिया मोटरसाइकिलें हमारे साहसिक मूल्यों, प्रदर्शन और हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान का प्रमाण हैं। हम उन युवा भारतीयों से जुड़ने के लिए उत्साहित हैं जो देश के भविष्य को आगे बढ़ा रहे हैं।

### एलडब्ल्यूएस निटवियर लिमिटेड ने 17.30 करोड़ रुपये का राइट इश्यू का प्रस्ताव दिया

**नई दिल्ली।** बीएसई में सूचीबद्ध लुधियाना स्थित एलडब्ल्यूएस निटवियर लिमिटेड (एलडब्ल्यूएस) 10 रुपये के सम मूल्य वाले 9,610,960 इक्विटी शेयरों के राइट्स इश्यू जारी कर रहा है, जिसमें शेयरों की कीमत 18 रुपये (10 रुपये प्रति शेयर के प्रीमियम के साथ) प्रति शेयर है। इस इश्यू से कंपनी को 17.30 करोड़ रुपये जुटाने में मदद मिलेगी।



इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए 06 दिसंबर, 2024 को खुलेगा और 16 दिसंबर, 2024 को बंद हो जाएगा। इस इश्यू के रजिस्ट्रार बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज (पी) लिमिटेड हैं।
कंपनी निदेशक मंडल द्वारा निर्धारित 28 नवंबर 2024 की रिकॉर्ड तिथि को योग्य शेयरधारकों के पास मौजूद हर 10 शेयरों के लिए 19 शेयरों के अनुपात में राइट्स शेयरों की पेशकश कर रही है। इनका अधिकार हक त्याग (राइट्स एनटाइटलमेंट को छोड़ देना) 10 दिसंबर, 2024 को होगा। यानी शेयरधारक उनके पास मौजूद शेयरों के अधिकार को स्वेच्छा से छोड़ सकते हैं।
इश्यू का उद्देश्य:
इश्यू से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग कंपनी द्वारा निम्नलिखित उद्देश्यों में किया जाएगा:
1. प्रोमोटर्स और प्रोमोटर समूह के सदस्यों से प्राप्त असुरक्षित कर्जों का आंशिक पुनर्भुगतान या पूर्व भुगतान।
2. कार्यशील पूंजी जरूरतों को पूरा करना।
3. सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य।

# महिलाओं के नए युग का आगाज पानीपत से होगा: बीजेपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**देश के** इतिहास में एक और नया दौर 9 दिसंबर को पानीपत से शुरू होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां महिलाओं के लिए एलआईसी की "बीमा सखी योजना" का शुभारंभ करेंगे। यह वही पानीपत की एतिहासिक धरती है, जहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2015 में ही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की शुरूआत की थी। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ देशभर में जन आंदोलन बना और हर राज्य में लिंगानुपात में अभूतपूर्व सुधार हुआ। करीब नौ साल पहले जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" का शंखनाद किया तो उस समय उस समय हरियाणा का लिंग अनुपात 876 था, जो अप्रत्याशित रूप से बढ़ा। हरियाणा सहित पूरे देश की जनता ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ आंदोलन के रूप में लिया और आज नतीजे सबके सामने हैं। बेटियों की संख्या बढ़ रही है और इन्हीं बेटियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे। 2015 से 2024 के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं और बेटियों के लिए अनेक योजनाएं शुरू की। इसी महिला सशक्तिकरण की सकारात्मक सोच को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब बीमा सखी योजना से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएंगे। भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कदम



उठाए हैं, उससे देशभर में महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। पानीपत के सेक्टर 13-17 में होने वाले कार्यक्रम का नाम चलो बहनों मोदी जी से मिलने रखा गया है और इसमें करीब 50 हजार महिलाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सुनने आएंगी।

इससे स्पष्ट है कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की तरह बीमा सखी योजना से भी देश की महिलाओं के लिए नए युग का सूत्रपात होगा।
देश में अपनी तरह की पहली योजना होगी, जिससे महिलाओं को घर बैठे आमदनी का साधन मिलेगी। एलआईसी ऐजेंट के रूप में महिलाएं काम करेंगी और सरकार की तरफ से भी वेतन के रूप में रुपये दिए जाएंगे, प्रोत्साहन राशी और बीमा पॉलिसी का कमीशन अलग से मिलेगा।

### कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर, संजय भाटिया संभाल रहे कमान

**पानीपत** के सेक्टर 13-17 में 9 दिसंबर को होने वाले प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम के लिए तैयारी जोरों पर चल रही है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद संजय भाटिया कार्यक्रम की तैयारियों की कमान संभाले हुए हैं। हर रोज कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया जा रहा है और ड्यूटी लगाई जा रही हैं। कार्यक्रम के लिए अलग से पार्किंग व्यवस्था की गई है। संजय भटिया के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में ताकत झोंक रखी है।
**तीन मंच होंगे, महिलाओं को सबसे आगे स्थान:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंच के अलावा दो और अलग-अलग मंच बनाए जा रहे हैं। एक मंच पर 100 से ज्यादा वीवीआईपी और वीआईपी के बैठने की व्यवस्था की गई है।

# पीएम मोदी 9 को करेंगे बीमा सखी योजना का शुभारंभ: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: उपायुक्त** डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसी दिशा में एक और योजना बीमा सखी की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी आगामी 9 दिसंबर को पानीपत से शुभारंभ करेंगे। इस महत्वकांक्षी कार्यक्रम में सोनीपत जिले की सक्रिय भागीदारी रहेगी। प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर प्रदेश के मुख्य सचिव डॉ० विवेक जोशी ने वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपायुक्तों के साथ बैठक की और उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए।
वीसी के पश्चात उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि पानीपत की ऐतिहासिक धरा पर होने वाला यह कार्यक्रम जिला की नारी शक्ति को महिला सशक्तिकरण का मजबूत संदेश देगा। 9 दिसंबर के बीमा सखी योजना कार्यक्रम में जिले की सक्रिय भागीदारी रहेगी। जिले से सेल्फ हेल्प ग्रुप, महिला पंच, सरपंच, ड्रोन दीदी के अलावा अन्य वर्गों से भी महिलाएं कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। उन्होंने कहा कि जिला से रोड़वेज की बसों के माध्यम से महिलाएं कार्यक्रम में पहुंचेंगी इसलिए उचित बसों की व्यवस्था की जाए। उन्होंन कहा कि इन बसों की तैनाती गांवों में 08 दिसंबर की शाम का कर दी जाए।

# गांव की विरासत पर बनाया गीत की शूटिंग



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**खंड मूनक** के गांव बाल राजपूताना के विरासत पर गांव के गायक व लेखक रफतार बाल ने अपने गीत की शूटिंग की व गीत के बोल यह है। यह शूरवीरों की धरती झुकना कभी मंजूर नहीं, जिगर फौलादी बंदे सारे मंजिल ज्यादा दूर नहीं । गीत दर्शा रहा है बाल राजपूताना गांव का 800 वर्ष पुराना इतिहास को जागृत किया गया। इस गीत में आपस में गांव का भाईचारा दिखाया गया । इसमें शूरवीरों की कहानियां के बारे में बताया गया और उनकी कुर्बानियों को याद किया गया। बताया जाता है कि बाबा बलराज के नाम से यह बाल राजपूताना गांव बसा था । उनका लड़का धीर सिंह सुल्तान फिरोज शाह तुगलक की सेना के साथ युद्ध में शहीद हो गया था। उनकी पत्नी सती हुई थी उसकी याद में भी मंदिर मनाया गया। उनका भी इस गीत में जिक्र किया गया। बाल गांव के सभी माता सती की पूजा करते हैं और मनोकामना मांगते हैं । इस दौरान गांव के कर्मवीर ,बसंत राणा, गोपाल राणा, बसबर राणा,विजेंद्र राणा ,मेसरा प्रजापत ,ऋषि पाल सांगी , हवा सिंह दर्जनों गांव के युवा मौजूद रहे।

# होटल प्रबंधन संस्थान, पानीपत में हुआ कैम्पस प्लेसमेंट

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**होटल** प्रबंधन संस्थान, पानीपत में छात्रों के लिए आयोजन किया गया जिसमे हल्दीराम ने सिरकत की। होटल प्रबंधन संस्थान के कार्यकारी प्राचार्य श्री चन्दन वशिष्ठ ने बताया कि इस कैम्पस प्लेसमेंट मे संस्थान के बीएससी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियो ने भाग लिया। उन्होने बताया कि हमारा उदेश्य होटल प्रबंधन शिक्षा के साथ-साथ बेहतर नोकरी के अवसर भी उपलब्ध कराना है और हमारा उदेश्य प्लेसमेंट को सो प्रतिसत से अधिक करना है। इस दौरान हल्दीराम के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

# बच्चों ने धरती माता को बचाने की शपथ ली

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत: सीनियर सेकेंडरी** स्कूल पानीपत के प्रांगण में विश्व मृदा दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विश्व मृदा दिवस के उपलक्ष में विद्यालय में एक स्पेशल असेंबली का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों को शामिल किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने बताया कि धरती हमारी माता है और इसकी रक्षा करना हम सब का परम कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि विश्व मृदा दिवस मनाने का मकसद, लोगों को मिट्टी के महत्व के बारे में जागरूक करना और मिट्टी के संसाधनों का टिकाऊ प्रबंधन सुनिश्चित करना है। मिट्टी, इंसानों



और सभी जीवों के लिए एक अहम संसाधन है' मिट्टी की गुणवत्ता बिगड़ने से खाद्य सुरक्षा पर खतरा मंडरा सकता है। क्योंकि खाद्य पदार्थों का 95% हिस्सा हमें भूमि से ही प्राप्त होता है, इसलिए, मिट्टी के कटाव को रोकने और इसकी उर्वरता बनाए रखने के लिए उचित कार्यकरना जरूरी है। उन्होंने मिट्टी की संरचना पर पूर्ण रूप से जानकारी दी और यह भी बताया कि फसलों में ज़िंक और लौह जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों के स्तर पर सीधा असर डालती है। मिट्टी की गुणवत्ता को बताते हुए उन्होंने बताया कि मिट्टी हमारी थाली में भोजन लाती है, हमारे पानी को शुद्ध करती है, बाढ़ से हमारी रक्षा करती है और सूखे से लड़ती है। यह जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भी महत्वपूर्ण है। क्योंकि यह बड़ी मात्रा में कार्बन को पकड़ती और संग्रहीत करती है। स्वस्थ मिट्टी के बिना खाद्य सुरक्षा संभव नहीं। पेड़ पौधों का विकास भी बिना उपजाऊ मिट्टी के संभव नहीं है। क्योंकि पेड़ पौधे हमें ऑक्सीजन और खाद्य पदार्थ देते हैं इसलिए सांस लेने के लिए भी मिट्टी का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बताया कि यदि भविष्य में हमने पर्यावरण को सुरक्षित रखना है तो हम सभी को इसके लिए भूमि को बचाने की आज से ही तैयारी करनी पड़ेगी।

# महोत्सव में डीएलएसए द्वारा लगाई जाएगी जागरूकता स्टॉल

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: 09** से 11 दिसंबर को सुभाष स्टेडियम में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गाती महोत्सव में डीएलएसए द्वारा लगाई जाएगी जागरूकता स्टॉल सोनीपत, 05 दिसंबर। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव प्रचेता सिंह ने बताया कि 09 से 11 दिसंबर को सुभाष स्टेडियम में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गाती महोत्सव में डीएलएसए द्वारा जागरूकता स्टॉल लगाई जाएगी।
इस स्टॉल के माध्यम से लोगों को जिला वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र की सेवाओं के बारे, कानूनी सेवा संस्थानों / डीएलएसए के कार्य, स्थायी लोक अदालत (सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएं), मध्यस्थता केंद्र, विधवा सेल, लोक अदालतें, नालसा योजनाएं, एचवीसीएस योजना, राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण की गिरफ्तारी से पहले, गिरफ्तारी और रिमांड चरण में न्याय तक शीघ्र पहुंच योजना तथा नालसा की राष्ट्रीय कानूनी हेल्पलाइन संख्या 15100 के बारे में जागरूक किया जाएगा। ताकि जरूरत पडे पर पात्र व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ ले सकें।

# समाधान शिविर की शिकायतों का तत्परता से समाधान करें अधिकारी

**सोनीपत, 05 दिसंबर। जिला** प्रशासन की ओर से गुरूवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने 10 शिकायतों की सुनवाई करते हुए 01 शिकायत का मौके पर ही समाधान करवाया। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस बीच उपायुक्त ने शिविर में अभी तक आई विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों की समीक्षा करते हुए अविलंब समाधान के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल समस्याओं को सुनना नहीं है, बल्कि उनके समाधान के माध्यम से नागरिकों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ाते हुए सकारात्मक छवि बनाना है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि शिविर के तहत प्राप्त शिकायतों की नियमित अंतराल में समीक्षा की जाएगी, ताकि जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कहा कि समाधान शिविर के मामलों में लापरवाही या देरी कतई स्वीकार नहीं की जाएगी व प्रत्येक अधिकारी की जवाबदेही तय की गई है। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं को सुलझाने और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। समाधान शिविर ने प्रशासन और जनता के बीच संवाद को मजबूत करने के साथ-साथ एक सकारात्मक और भरोसेमंद माहौल का निर्माण किया है।
समाधान शिविर में अवैध कब्जा हटवाने, सीएम विडो, बुढ़ापा पेंशन, आयुष्मान कार्ड बनवाने, आयुष्मान कार्ड बनवाने, राशन कार्ड बनवाने, दिव्यांग पेंशन, प्रोपर्टी कार्ड बनवाने आदि विषयों से जुड़ी समस्याएं कर नागरिक समाधान शिविर में आए।

# श्रीकृष्ण ने मानव को दिया कर्म करने का संदेश: भारत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती ने कहा कि जम्मू कश्मीर राज्य भारत का ताज है। महाभारत काल में श्री कृष्ण ने कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर गीता के संदेश दिया था। सभी परेशानियों का हल गीता में निहित है व सभी को गीता पढी चहिए। गीता भारतीय दर्शन की जीवन पद्धति है। गीता में जीवन की हर समस्या का समाधान है। गीता हमें मृत्यु के भय से मुक्ति दिलाती है।
मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती वीरवार को अंतर्राष्ट्रीय गीता




महोत्सव के भ्रमण पर जम्मू कश्मीर के जिला अनंतनाग स्थित राजकीय डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। आप जैसे युवा भारत के भविष्य की तस्वीर है और हमारी संस्कृति, सभ्यता और हमारा रहन-सहन जम्मू कश्मीर से मिलता है। जम्मू कश्मीर का इतिहास महाभारत काल की गीता में भी निहित है। आज विश्व में अनेक देशों में अशांति फैली हुई है जिसकी वजह से युवा पीढ़ी सबसे अधिक प्रभावित हो रही है। अनेक देशों में युद्ध क्यों हो रहे, विश्व में शांति कैसे स्थापित की जा सकती है, इन सबका हल गीता में दिया गया है। हिन्दुस्तान का भविष्य युवा शक्ति के हाथों में है और युवा आने वाले समय में हिंदुस्तान का ताज है। बच्चों के पहला गुरू उनकी माता होती है व दूसरे गुरु शिक्षक होते है जो जीवन में हमारा उचित मार्गदर्शन करते है। सभी को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत व ईमानदारी के साथ जीवन मे आगे बढा चाहिए।
उन्होंने कहा कि गीता हमें कर्म करने का संदेश देती है। गीता भारतीय दर्शन की जीवन पद्धति है। भगवान कृष्ण का जीवन चिंतन हैं। गीता में जीवन की हर समस्या का समाधान है। गीता हमें मृत्यु के भय से मुक्ति मिलती है। जम्मू कश्मीर में भी अनेक धार्मिक स्थल है, जो हमारी संस्कृति का प्रतीक है। आप सबका कर्तव्य है कि अपनी शिक्षा पूर्ण कर अपने प्रदेश व देश का नाम रोशन करे। एक बेटी अगर पढ़ लिख जाए तो वह कई घरों का सुधार कर देती है। शिक्षा के बिना मनुष्य पशु के समान माना जाता है इसलिए शिक्षा का हमारे जीवन में बहुत ही महत्व है। हरियाणा भारत का एक छोटा सा प्रांत है परन्तु देश के अनेक क्षेत्रों में सबसे आगे है। यह शिक्षा के क्षेत्र भी आगे हैं, यहां 68 विश्वविधालय है तथा लगभग 600 डिग्री कॉलेज है। हर 20 किमी में लड़कियों के लिए कॉलेज बनाए गए हैं। हरियाणा सरकार का पहला संकल्प बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ है और पीएम नरेंद्र मोदी ने 2014 में पानीपत से इस अभियान की शुरूआत की थी।

# नरेला: फेडरेशन ऑफ नरेला ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बाहरी दिल्ली** के नरेला में सफियाबाद रोड़ स्थित फेडरेशन ऑफ नरेला सब्सिडी के कार्यालय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों यूनिट रक्त इकट्ठा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ नरेला पुलिस स्टेशन के एसएचओ राजेंद्र सिंह गुर्जर, पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण सिंह आर्य, ऋषि भारद्वाज वैद, नरेला मंडल अध्यक्ष सुरेश खत्री, युवा नेता ललित खत्री, नरेश कुमार खत्री आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। आयोजित रक्तदान शिविर पीतमपुरा ब्लड बैंक के सहयोग से किया गया। इस दौरान फेडरेशन के अध्यक्ष जोगिंदर दहिया ने इस कैंप








में 111वीं बार रक्तदान कर सबको रक्तदान करने के लिए करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान नरेला थाना अध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर ने रक्तवीरों का हौसला बढ़ाया और कहा की लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। वहीं मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण सिंह आर्य ने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरतमंद की मदद हो सकेगी।

फेडरेशन ऑफ नरेला के कोषाध्यक्ष धनंजय सिंह का कहना है कि युवा वर्ग को यह समझना होगा कि किसी भी खुशी मौके पर फिजूल खर्ची करने की बजाए रक्तदान जैसे समाजहित के कार्य करने चाहिए, जिससे अन्य लोगों का भला हो सके तथा यह सबका कर्तव्य है कि युवा वर्ग को समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदार बनने के लिए प्रेरित करें। फेडरेशन ऑफ नरेला सब्सिडी संस्था 15 साल से रक्तदान शिविर लगा रही है जिसमें पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी रक्तदान कर अपनी अहम भूमिका निभाती हैं। संस्था हमेशा गरीब लोगों को ब्लड उपलब्ध करवाती है। इस मौके पर उपाध्यक्ष धीरज खत्री, रंजीत पांडे, नरेश कुमार सैनी, विजेंद्र सिंह आंतिल, कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार अरोड़ा, खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रणधीर सिंह खापरा, सरोज वशिष्ठ, अनिल कुमार दहिया आदि मौजूद रहें।

# आजादपुर वार्ड में परिवर्तन यात्रा को लेकर हुई बैठक, पहुंचे पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: आदर्श नगर विधानसभा** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आजादपुर वार्ड में आगामी परिवर्तन यात्रा के निमित बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष दलबीर पुनिया, जिला कार्यालय मंत्री व पूर्व मंडल अध्यक्ष नितिन गोयल, शक्तिकेंद्र प्रमुख, त्रिदेव व मंडल के अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल ने बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित किया और बताया कि यह बैठक परिवर्तन यात्रा को



लेकर हुई है। श्री कंसल ने आगे बताया कि भाजपा ने जो कहा है, वह करके दिखाया है। हमें लोगों के घर-घर जाना है और भाजपा की नीतियों व कार्यों से लोगों को अवगत कराना है।

उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास ही विकास करके दिखाया है, यही कारण है कि आज देश के लोग भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा प्रसन्न है।

# संयोजक रविशंकर तिवारी ने किया युवाओं को जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: रामजस** इंटरनेशनल स्कूल में 'यमुना बचाओ' अभियान के अंतर्गत यमुना भिक्षु के संयोजक रविशंकर तिवारी ने दौरा किया। यह आयोजन इंटरेक्ट क्लब के द्वारा छात्रों के बीच यमुना नदी के महत्व एवं उसकी स्वच्छता की आवश्यकता के विषय में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया था। अपने संबोधन में श्री तिवारी ने युवा छात्रों को यमुना नदी को साफ करने के प्रयासों पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ उन्हें पर्यावरण सुरक्षा के एजेंट (प्रतिनिधि) बनकर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया।

# आयुष्मान योजना लागू करवाने के लिए भाजपा ने जारी किया मिसकॉल नंबर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेन्द्र चंदोलिया एवं बांसुरी स्वराज ने आज एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया और दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू करने के लिए एक मिसकॉल नंबर 7820078200 जारी किया। जिस पर मिसकॉल कर के दिल्लीवाले आयुष्मान योजना लागू करने के लिए अपना समर्थन दे सकते हैं। प्रेसवार्ता का संचालन मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने किया। इसके साथ ही आज दिल्ली के सांसदों ने



अपने संसदीय क्षेत्र में सिग्नेचर कैंपेन चलाया है। रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कालका जी क्षेत्र के जवाहर कैंप, नवजीवन कैंप और भूमिहीन कैंप में, कमलजीत सहरावत ने राजौरी गार्डन क्षेत्र में, बांसुरी स्वाराज ने भंवर सिंह कैम्प वंसत विहार में, प्रवीण खंडेलवाल ने लोक विहार पीतमपुरा पार्क से सिग्नेचर कैंप की शुरूआत की। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत योजना पूरे भारत में लागू है।

# वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल ने किया जनसंपर्क







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र** के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल ने वजीरपुर क्षेत्र की रेलवे लाइन की आस-पास की झुग्गी-झोपड़ी में जनसंपर्क किया।

इस मौके पर पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल ने लोगों को भाजपा की नीतियों व कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आज मैंने वजीरपुर क्षेत्र की रेलवे लाईन के आस-पास जो स्लम क्षेत्र है वहां पर दौरा किया है और पाया है कि यहां पर आम आदमी पार्टी के राज में लोग नारकीय जीवन जी रहे है। यहां पर गंदा पानी आ रहा है, जिस वजह से लोग बाजार से पानी की बोतल खरीदकर पी रहे है। साथ ही यहां पर कई प्रकार की समस्याओं का अंबार है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से वादे तो कई किये थे, लेकिन कोई भी वादा पूरा नहीं हुए है, जिसके चलते लोग परेशान है।

उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी के राज में केवल कागजों में ही विकास नजर आ रहा है, धरातल पर विकास नहीं है। उन्होंने बताया कि वजीरपुर क्षेत्र की सड़को का खस्ता हाल है, सीवर ओवरफ्लो हो रहे है, जिसके चलते लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। इस मौके पर पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# विधानसभा चुनाव में डूबने जा रहा है आम आदमी पार्टी का जहाज: देवेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल का दोबारा चुनाव न लड़ने का निर्णय सीधा अरविन्द केजरीवाल नेतृत्व के खिलाफ है। आम आदमी पार्टी की खिसकती जमीन के चलते आम आदमी पार्टी के मंत्री और वरिष्ठ नेता या तो अन्य राजनीतिक दलों में शामिल हो रहे थे या आसन्न हार को देखते हुए राजनीति छोड़ रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की 60 से अधिक विधानसभाओं का सफर पूरा कर चुकी दिल्ली न्याय यात्रा से घबराई आम आदमी पार्टी को 2025



विधानसभा चुनाव में हार सुनिश्चित दिख रही है। केजरीवाल और मुख्यमंत्री आतिशी ने उपराज्यपाल वी.के.सक्सेना के अध्यक्ष को निर्देश देने के बावजूद लंबित 12 सीएजी (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) रिपोर्टों को सदन के पटल पर रखने से इनकार करने के बाद अध्यक्ष के रूप में राम निवास गोयल की स्थिति में संकट में आई जिससे उन्होंने आत्म सम्मान का अपमान महसूस किया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी में अरविन्द केजरीवाल की तानाशाही के आगे किसी का वजूद नहीं है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि केजरीवाल सारे नियम-कायदों की धज्जियां उड़ाकर तानाशाही तरीके से काम करते हैं, जो करदाताओं के पैसे की खुली लूट करते हैं। उन्होंने कहा कि जनता में केजरीवाल के खिलाफ माहौल और आम आदमी पार्टी में व्याप्त भ्रष्टाचार, कुशासन और गरीबों की अनदेखी के कारण माहौल विपरीत परिस्थियों में पहुंच गया है।

# कैग की रिपोर्ट नहीं हुई प्रस्तुत, दाल में है कुछ काला: सत्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: जागरूक** उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने बताया कि दिल्ली सरकार उपराज्यपाल महोदय के बार-बार कहने के बावजूद



विधानसभा में कैग की रिपोर्ट को प्रस्तुत नहीं कर रही है। कारण स्पष्ट है कि दाल में कुछ काला जरूर है। उन्होंने आगे बताया कि विधानसभा सदस्यों को यह जानने का संवैधानिक अधिकार है कि विभिन्न विभागों की वित्तिय स्थिति क्या है। उन्होंने आगे बताया कि जब रिपोर्ट की चर्चा नहीं होगी तो तब माननीय सदस्यों द्वारा अपने विचार व सुझाव कैसे रखे जा सकते है। उन्होंने आगे बताया कि वर्तमान विधान सभा के सत्र में प्रश्नकाल ही नहीं हुआ, जिसमें दिल्ली की समस्याओं व उनके निदान पर सदस्यगण सरकार से सवाल ही नहीं पूछ पाए। संभवत यह सत्र वर्तमान सरकार का अखिरी सत्र था।

सत्यपाल शर्मा ने आगे बताया कि संविधान की दुहाई देने वाली दिल्ली सरकार संविधान का पालन किस प्रकार से कर रही है यह जनता भी भली-भांति समझती है।

# दिल्ली सरकार की लापरवाही के चलते यमुना हुई दूषित: दीपक गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केजरीवाल ने सत्ता को हांसिल करने के लिए दिल्ली की जनता से तमाम बड़े-बड़े वादे कर ड़ाले, लेकिन उनके किए गए वादों में से एक जमीनी स्तर पर एक भी वादा पूरा नहीं कर पाई है।

उक्त सभी बातें बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले समाज सेवी दीपक गुप्ता ने कही। गुप्ता ने कहा कि नालों का गंदा पानी सीधे यमुना में जा गिरता है और वह लगातार नदी को प्रदूषित कर रहा है। जिसके चलते यमुना का बुरा हाल है। दीपक गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार की लापरवाही और अधिकारियों की नाकामी का नतीजा



है कि यमुना मैली ही होती जा रही हैं। दिल्ली में इस नदी का हाल बहुत बुरा है और कहें तो सबसे ज्यादा प्रदूषित भी। उन्होंने कहा कि यमुना की यह समस्या साल भर रहती है। **खानापूर्ति के लिए छठ पर ही जाती है नज़र:** लेकिन ध्यान सिर्फ छठ के मौके पर जाता है जब श्रद्धालु पूजा के लिए नदी के किनारे इकट्ठा होते हैं। वहीं गुप्ता ने बताया कि यमुना में प्रदूषण के कारण सबसे बड़ा कारण औद्योगिक प्रदूषण है, दिल्ली में जो औद्योगिक ईकाइयां हैं वह भी बहुत हद तक नदी को जहरीला बनाने के लिए जिम्मेदार हैं।

**ठंडे बस्ते में धरे रह गए स्वच्छ यमुना करने के वादे:** सालों साल यमुना को निर्मल और स्वच्छ करने के वादे किए जाते रहे हैं लेकिन नदी में होने वाला सफेद झाग, सरकारों के सफेद झूठ को हर साल आइना दिखाता है और यही कारण है कि यह दुनिया में सबसे प्रदूषित नदियों में से एक मानी जाती है।

# संत नगर: परिवर्तन यात्रा को लेकर भाजपा ने कसी कमर, बैठकों का दौर जारी







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: आगामी** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा कतई भी चूक नहीं करना चाहती है और लोगों के बीच अपनी जगह बनाने के लिए भाजपा दिल्ली प्रदेश जी तोड़ प्रयास भी कर रहे है। जिसको लेकर दिल्ली भाजपा द्वारा सोमवार आठ दिसंबर को बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा द्वारा परिवर्तन यात्रा निकाली जाएगी।

जिसको देखते हुए बुराड़ी विधासनसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संत नगर वार्ड नंबर-9 मंडल कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन संत नगर वार्ड अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह की अध्यक्षता में किया गया।

इस दौरान मंडल के सभी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां भी सौंपी गई। बैठक में पूर्व निगम पार्षद कौस्तुबानंद बलोदी, संत नगर मंडल प्रभारी इंद्राज सिंह, विधानसभा विस्तारक प्रमोद बिष्ट सहित संत नगर मंडल के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर कृष्ण पाल ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने दिल्ली की जनता को वोट बैंक से ज्यादा कुछ नहीं समझा है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल व उनके मंत्रियों को अब चुनाव पास आने के बाद दिल्ली की जनता दिखाई दे रही है, लोगों को फ्री-फ्री का लालच देकर अपने झांसे में लिया है। आगामी विधानसभा चुनाव में अतिशी सरकार को मुहं की खानी पड़ेगी, क्योंकि दिल्ली की जनता आप सरकार की सारी चालबाज़ी को भली-भांति जान चुकी है।

# बिलासपुर की बॉक्सर स्वास्तिका ने नेशनल में सिल्वर मैडल जीतकर किया प्रदेश का नाम रोशन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**रजत पदक**

**डीसी आबिद हुसैन सादिक ने स्वास्तिका की उपलब्धि पर गर्व करते हुए शाबाशी दी**

**बिलासपुर:** दिल्ली के साथ लगते नोयडा में संपन्न हुई डीएवी स्कूली नेशनल गेम्स में बिलासपुर डीएवी की स्वास्तिका ने बॉक्सिंग खेल में रजत पदक जीत कर अपने स्कूल, जिला और प्रदेश का नाम रोशन किया है। नोयडा में यह प्रतियोगिता 3 व 4 दिसंबर को संपन्न हुई। डीएवी बिलासपुर की बॉक्सर स्वास्तिका अंडर-17 आयु वर्ग और 56 से 60 किलोग्राम भार वर्ग में रिंग में उतरी। उनका फाइनल मुकाबला हरियाणा की बॉक्सर के साथ हुआ। बहुत कम अंकों के अंतराल से स्वास्तिका स्वर्ण पदक से चूक गई। उन्होंने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में झारखंड की बॉक्सर को पराजित कर फाइनल में अपनी जगह बनाई। वीरवार को बिलासपुर पहुंचने पर डीसी आबिद हुसैन सादिक ने स्वास्तिका की उपलब्धि पर गर्व करते हुए शाबाशी दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। गौर हो कि बिलासपुर जिले की ग्राम पंचायत बैहना जट्टां के गांव लधेड़ा की यह उदीयमान बॉक्सर ने राष्ट्रीय स्तर पर पदक को अपने नाम कर अपने मंसूबे साफ कर दिए हैं। स्वास्तिका की इस उपलब्धि से स्कूल और जिले में खुशी का माहौल है।



विकास खंड सदर में कार्यरत रमेश पुरी की बड़ी बेटी स्वास्तिका ने इस मुकाम को हासिल करने के लिए बहुत मेहनत की है। धुन की पक्की स्वास्तिका का सपना अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन करना है।

जिसके लिए वह पढ़ाई के साथ-साथ दिन रात मेहनत कर रही है। नगर के चंगर सेक्टर में स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल की जमा एक कक्षा की छात्रा मैडीकल की स्टूडेंट है। पढ़ाई में भी अव्वल रहने वाली स्वास्तिका को बॉक्सिंग से इतना लगाव है कि वह पढ़ाई को जितना समय देती है, उतना ही अपने प्रिय खेल बाक्सिंग को भी देती है। बॉक्सिंग को पैशन बना चुकी यह खिलाड़ी शाम को स्कूल के बाद साई हॉस्टल में अनुभवी प्रशिक्षकों से बॉक्सिंग की बारिकियां सीखती है। शाम को करीब तीन और सुबह एक घंटा बॉक्सिंग का रिंग में अभ्यास करना इस खिलाड़ी की आदत में शुमार है। स्वास्तिका ने शिमला के इंदिरा गांधी खेल परिसर में संपन्न हुई राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वास्तिका ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मैडल प्राप्त कर स्कूल व जिले का नाम रोशन किया था, जिससे इसका चयन नेशनल के लिए हुआ था। कक्षा चार से स्वास्तिका का रूझान कराटे की तरफ हुआ, फिर पिछले तीन सालों से वह बॉक्सिंग खेल की ओर आकर्षित हुई। अब तक स्वास्तिका कराटे में चार बार तथा बॉक्सिंग में तीन बार राज्यस्तर पर प्रदर्शन कर चुकी है।

स्वास्तिका की माता वंदना कुमारी गृहणी है तथा इनकी छोटी बहन निकिता डीएवी में छठी कक्षा की छात्रा है। इस होनहार बेटी के पिता रमेश पुरी ने बताया कि वह बेटी की लगन से खुश हैं। खेल और पढ़ाई में बच्चों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए इसके लिए वे हर संभव प्रयास करते हैं।

# अंडर-19 राष्ट्रीय तलवारबाजी चैंपियनशिप में, द मैग्नेट स्कूल के बच्चों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन




**टीम एक्शन इंडिया**
**विवेकानंद वशिष्ठ**

**तलवारबाजी**

**द मैग्नेट पब्लिक स्कूल के अभिनंदन, पलक, तनिषा, रूचिका और अनन्या ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।**

**हिमाचल:** राष्ट्रीय तलवारबाजी चैंपियनशिप अंडर-19 में द मैग्नेट पब्लिक स्कूल हमीरपुर के बच्चों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन, तलवारबाजी संघ की ओर से पटना में राष्ट्रीय स्तर पर तलवारबाजी प्रतियोगिता का 01 से 05 दिसम्बर 2024 को आयोजन करवाया गया। जिसमें द मैग्नेट पब्लिक स्कूल हमीरपुर के अभिनंदन, पलक, तनिषा, रूचिका और अनन्या ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

इस उपलक्ष्य पर प्रधानाचार्य अरूण कुमार चौहान ने तलबारवाजी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को बधाई दी और पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के प्रति बच्चों को प्रोत्साहित किया।

## न्यूज फ्लैश

### कांग्रेस आर और कांग्रेस पी यानी कांग्रेस राहुल बाबा और कांग्रेस प्रियंका वाड्रा गांधी के देश और प्रदेश में अलग धड़े बन चुके हैं : वर्मा

**टीम एक्श इंडिया**
**चमन शर्मा**



**शिमला:** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक बलबीर वर्मा ने कांग्रेस पार्टी और सरकार पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि को कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार किस बात का जश्न मना रही है ? क्या सीमेंट महंगा करने का? या क्या स्टाम्प ड्यूटी महंगा करने का? हिमाचल टूरिज्म के होटल बंद होने का? क्या इन होटलों को अपने चहेतों को देने की तैयारी का? भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल ठगों का टोला, यह लोग जहां भी जाते हैं वहां जनता को केवल ठगने का काम करते हैं। जब से हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई है तब से केवल मात्र जनता ठगा महसूस कर रही है, हिमाचल प्रदेश में अगर किसी को लाभ मिल रहा है तो वह केवल मुख्यमंत्री के दोस्त यारों को मिल रहा है।

सुनने में आया कि हिमाचल प्रदेश में निगम और बोर्ड कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष बनने हैं और इसके लिए कांग्रेस नेता मुख्यमंत्री की परिक्रमा कर रहे है इसे स्वयं पता लगता है कि मुख्यमंत्री और उनके संगठन में किसी प्रकार का तालमेल नहीं है। उन्होंने कहा की कांग्रेस आर और कांग्रेस पी यानी कांग्रेस राहुल बाबा और कांग्रेस प्रियंका वाड्रा गांधी के देश और प्रदेश में अलग धड़े बन चुके हैं कांग्रेस पार्टी को यही समझ नहीं आता कि किसी नेता के साथ चले। हिमाचल में भी यही हाल है कांग्रेस एक विभाजित राजनीतिक दल है जिसका कोई मुख्य नहीं, और मुख्यमंत्री एवं उनके मित्रों की कहानी तो आप सभी जानते ही है। हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री के मित्रों के लिए किसी भी प्रकार की कमी छोड़ी ही नहीं गई है, मुख्यमंत्री परिक्रमा करो और मन चाहे फल पाओ कुछ इसी प्रकार की कहानी हिमाचल प्रदेश में चल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को हिमाचल प्रदेश की यथा स्थिति से कोई लेना-देना नहीं है, हिमाचल प्रदेश में जनता परेशान है, अस्पताल में सुविधा मिल नहीं रही है, कर्ज बढ़ता चला जा रहा है पर मुख्यमंत्री एवं उनका साम्राज्य केवल मात्र गहरी निद्रा में है।
एसल-11

### आरटीआई का जवाब न देने पर एबीवीपी ने जताया रोष

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** पीजी कॉलेज ऊना में बीबीए व बीसीए की प्रवेश प्रक्रिया को लेकर प्राचार्य से मांगी गई आरटीआई का जवाब न मिलने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ऊना इकाई ने रोष व्यक्त किया है। विद्यार्थी परिषद ने आरोप लगाया कि महाविद्यालय प्राचार्य शैक्षणिक परिसर को राजनीतिक अखाड़ा बनाने का प्रयास कर रही है, जिसे सहन नहीं किया जाएगा। एबीवीपी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदित्य ने आरोप लगाया कि ऊना कॉलेज में बीबीए व बीसीए की प्रवेश प्रक्रिया के दौरान धांधाली हुई थी, जिसकी चार माह पहले आरटीआई मांगी थी, लेकिन आज दिन तक कोई जवाब नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान पात्र छात्रों के हकों पर हमला करते हुए चेहतों को प्रवेश देने का काम महाविद्यालय प्राचार्य ने किया है। आदित्य ने कहा कि इस संदर्भ में उच्च शिक्षा निदेशालय में भी आरटीआई के माध्यम से जवाब तलब किया गया है व हाई कोर्ट के माध्यम से भी उच्च सूचना आयुक्त से इस विषय में जवाब तलब किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद लंबे समय से मांग कर रही है कि महाविद्यालय के छात्रों के लिए नवछात्र अभिनंदन समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाया जाए, लेकिन प्राचार्य समारोह की अनदेखी कर छात्रों की प्रतिभा को कुचलने का काम कर रही, जिसे

# उच्च शिक्षा उपनिदेशक ने भरवाई स्कूल का किया औचिक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरवाई में गुरुवार को उप निदेशक उच्च शिक्षा ऊना राजेंद्र कौशल और उनकी टीम द्वारा औचिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाठशाला की सभी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली। उपनिदेशक ने पाठशाला के रिकॉर्ड को बारीकी से जांचा।

साथ ही अध्यापकों की उपस्थिति रजिस्टर व अन्य रजिस्टर की जांच की। शिक्षा उपनिदेशक राजेंद्र कौशल ने एनसीसी अधिकारी ललित मोहन के साथ एनसीसी ऑफिस का निरीक्षण किया। स्कूल रिकॉर्ड सही पाया गया तथा स्कूल में सफाई व्यवस्था बहुत अच्छी पाई गई। उन्होंने कक्षाओं में जाकर शिक्षा स्तर को और बेहतर बनाने के लिए बच्चों से संवाद साझा किया। उन्होंने शिक्षा स्तर को और बेहतर बनाने के लिए सभी विषयों में प्रयोगशाला गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त स्टाफ सदस्यों को स्कूल के विकास तथा शिक्षा में और अधिक सुधार के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर स्कूल उप प्रधानाचार्य राकेश कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पंचायत स्तर पर सेहत सेवा स्वयं सहायता समूह होंगे गठितः डीसी

**धर्मशाला/टीम एक्शन इंडिया**

उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में सेहत सेवा अभियान के तहत वरिष्ठ नागरिकों, चलने फिरने में असमर्थ रोगियों को उनके घर द्वार पर देखभाल तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवाने के लिए पंचायत स्तर पर सेहत सेवा स्वयं सहायता समूह गठित किए जाएंगे। वीरवार को मिनी सचिवालय में अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि हेमराज बैरवा ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, रेड क्रास सोसाइटी, स्वास्थ्य विभाग तथा एजुकेयर के सहयोग से



जेरीएट्रिक होम केयर प्रबंधन प्रणाली विकसित करने का प्लान तैयार किया गया है।

सीनियर सिटीजन होंगे लाभावित

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि सेहत सेवा अभियान से बुजुर्गों और जरूरतमंद लोगों के स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल सुनिश्चित होगी और उन्हें बार-बार चेकअप के लिए अस्पताल में नहीं जाना पड़ेगा उनके आवश्यकतानुसार घर द्वार पर ही देखभाल सहायकों के माध्यम से सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में ऐसे कई बुजुर्ग हैं जिनको स्वास्थ्य देखभाल के लिए अन्य लोगों पर निर्भर रहना पड़ता है ऐसे में प्रशिक्षित देखभाल सहायक काफी मददगार साबित होंगे।

जेरीएट्रिक केयर हेल्प सर्विस

बुजुर्गों की हेल्थकेयर, होम केयर, हाउसिंग, डे केयर जरुरतों को पूरा करती हैं। प्रशिक्षित देखभाल सहायक बुजुर्गों तथा चलने फिरने में असमर्थ रोगियों की बिल्कुल नियोजित तरीके से देखभाल करते हैं, ये प्रोफेशनल्स बुजुर्गों के अकेलेपन को काफी नजदीक से समझते हैं। ये उनको मानसिक और शारीरिक रुप से सक्रिय करने के लिए समय-समय पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे तथा बुजुर्गों की हर गतिविधि को लगातार मॉनिटर किया जाएगा। बुजुर्गों के आदत, खान-पान के तरीके या फिर व्यवहार में हो रहे बदलाव के बारे में परिवार के सदस्यों को समय-समय पर अवगत करवाएंगे।

# डीएवी में ग्यारहवीं व बारहवीं के छात्रों को किया गया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**पुरस्कृत**

**ब्प्रधानाचार्य आरएल पाठक ने छात्रों में नई ऊर्जा भरने के लिए छात्रों को पुरस्कृत किया।**

**ऊना:** डीएवी सेनटेनरी पब्लिक स्कूल ऊना में सांस्कृतिक गतिविधियों में अव्वल प्रदर्शन करने वाले कक्षा ग्यारहवीं व बारहवीं के छात्रों को सम्मानित किया गया।

स्थानीय कमेटी के उपप्रधान बलविंदर सिंह व प्रधानाचार्य आरएल पाठक ने छात्रों में नई ऊर्जा भरने के लिए छात्रों को पुरस्कृत किया। उपप्रधान बलविंदर सिंह ने पुरस्कृत छात्रों को बधाई दी और वार्षिक परीक्षाओं में भी बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कक्षा 11वीं, 12वीं की विभिन्न प्रतिस्पधाओं के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता में कशिश, संतोष, सृजन, सुमित, रिद्धिमा, एकलव्य, कामना, मानवी, सिमरनजीत, सृष्टि, नीति, अनंता, वंशिका, श्रुति, एंजेलिना, मोक्ष, वृंदा, नवप्रीत, नितिन, आरुषि, दीपशिखा, श्रेया, तनीषा, रीतिका, प्रत्यक्ष, अक्षिता, जासमीन, नंदिनी, रजनी, रितिका, राधिका, आदित्य, तनुसिया, इप्सिता, गगन, नंदिनी, कनव, वैष्णवी, एंजेल, मन्नत, दीपशिखा, एंजेल, राधिका, वैष्णवी व श्रेया ठाकुर को सम्मानित किया गया।

### नारी में 60 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** हिमाचल प्रदेश भवन एवं कामगार कल्याण बोर्ड ऊना द्वारा उपमंडल अंब के नारी पंचायत घर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें नारी पंचायत व साथ लगते गांव के मरीजों ने हिस्सा लिया। इस दौरान एचबीएसएजी, एचसीवी व एचआईवी लैब टेस्ट हुए और दवाइयों का वितरण किया गया। इसमें कुल 60 मरीजों ने अपनी जांच करवाई। कैंप में डॉक्टर गौरव कुमार व आईसीटीसी काउंसलर नरेंद्र सिंह कंवर ने लोगों को एचआईवी के बारे में भी जागरूक किया।

# शहरी क्षेत्रों में पानी के बिलों की बढ़ोतरी का निधि तर्क संगत नहीं : धरवाल

**बयान**

**पानी के बिल तिगुने कर शहरी क्षेत्र की जनता को जो झटका दिया है उसे जनता हरगिज स्वीकार नहीं करेगी।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**संगराय**

**जोगिंद्रनगर :** नगर परिषद के जोगिंद्रनगर के उपाध्यक्ष अजय धरवाल ने आज प्रेस को जारी ब्यान में कहा है कि प्रदेश सरकार ने शहरी क्षेत्रों में पानी के बिल तिगुने कर शहरी क्षेत्र की जनता को जो झटका दिया है उसे शहरी क्षेत्र की जनता हरगिज स्वीकार नहीं करेगी। शहरी क्षेत्र की जनता को जो पानी के बिल तीन महीने के बाद 710 रुपए के लगभग आता था वह इस बार 1710 रुपए बिल प्रति उपभोक्ता आया है। एक व्यक्ति जो दर्जी का काम करता है उसे तो पानी का बिल 10000 रुपए दिया गया है। आज वैसे ही शहरों में महंगाई के इस दौर में अपना जीवन यापन करना लोगों को मुश्किल हो रहा है क्यूं की सब कुछ खरीद कर ही खाना पड़ता है। अब पानी के बिल जो तीन गुना



बड़े हैं इस से शहरी क्षेत्र के आम जन मानस की कमर तोड कर रख दी है। हिमाचल जैसे प्रदेश में ऐसा निर्णय तरक संगत नहीं है , क्यों की हिमाचल प्रदेश में पानी की कोई कमी नहीं है ओर प्रचूर मात्रा में पानी उपलब्ध है।

सरकार के द्वारा बढ़ाए गए इन पानी के बिलों के विरोध स्वरूप बुधवार को जल शक्ति विभाग व उपमंडलाधिकारी नागरिक के कार्यालय के बाहर आम जनता को लेकर धरना दिया जायेगा। सभी आम जन मानस से निवेदन है की 11 बजे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील करते हैं।

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 की समीक्षाः उपायुक्त कश्यप

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** मतदाता सूची में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 को लेकर वीडियो कॉन्फेसिंग के माध्यम से समीक्षा की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप ने बताया कि मतदाता सूची में दर्ज आपत्तियों के निपटारे को लेकर, डुप्लीकेट एपिक के निपटारे, गलत विलोपन के विरूद्ध सुरक्षा, सुपर निगरानी और अंतिम मतदाता सूची 2025 को राजनीतिक दलों के साथ साझा करने पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि जिला शिमला में फार्म 6 के तहत



6078 आपत्तियां दर्ज की गई । इनमें से 5462 का निपटारा किया जा चुका है, जोकि 89.87 फीसदी है। जबकि फार्म 7 के तहत प्राप्त आपत्तियों की संख्या 4821 है। इनमें से 4210 आपत्तियों को निपटारा किया जा चुका है, जोकि 87.33 फीसदी है। वहीं फार्म आठ के तहत 3099 आपत्तियां प्राप्त हुई है। इनमें से 2743 आपत्तियों को निष्पादन किया गया, जोकि 88.51 फीसदी है। उन्होंने कहा कि डुप्लीकेट एपिक के 68 आपत्तियां दर्ज की गई। इसमें ठियोग से चार, कसुम्पटी से 25, शिमला शहरी से 30, शिमला ग्रामीण 7, रोहड़ से 2, जुब्बल कोटखाई,रामपुर, और चैपाल विधानसभा से शून्य आपति शामिल है। इन सभी आपत्तियों को निष्पादन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची तैयार करने के लिए निर्वाचन विभाग तीव्र गति से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि ई रोल में डिलीशन की सारी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद की जा रही है। बीएलओ की रिपोर्ट और मृत्यु प्रमाणपत्र के बाद ही मतदाता सूची से नाम हटाया जाता है। इसके अलावा मतदाताओं के स्थानांतरण भी सारी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद किया जा रहा है। अभी तक जितने भी डिलीशन के आवेदन प्राप्त हुए है। इनकी क्रॉस चेकिंग निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के माध्यम से करवाई गई है। उन्होंने कहा कि विभाग को निर्देश दिए गए है कि शेष आपत्तियों को निष्पादन तीव्रता से किया जाए।

# प्रदेश सरकार गुविताप ूर्ण दवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्धः स्वास्थ्य मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** स्वास्थ्य मंत्री डॉ.(कर्नल) धनी राम शांडिल ने गत दिवस को औषधि नियंत्रण प्रशासन के अधिकारियों के साथ गुणवत्तापूर्ण दवाओं के सन्दर्भ में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को किफायती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए औषधि नियंत्रण प्रशासन द्वारा ड्रग्स एण्ड कॉस्मेटिक्स अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाती है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण अधिकारियों द्वारा जनवरी 2023 से अक्तूबर,



2024 तक 142 निरीक्षण किए गए हैं। यह निरीक्षण राज्य निरीक्षण अधिकारियों ने केंद्रीय निरीक्षण अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से किए हैं। इसके तहत दवाएं मानकों पर सही न पाई जाने वाली 116 दवा निर्माण कम्पनियों के विरूद्ध निलम्बन, रद्दीकरण और निर्माण रोकने संबंधी आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण दवाईयां तैयार न करने की स्थिति में दवा कम्पनियों के सम्बंधित उत्पाद को एक से दो माह की अवधि के लिए निलम्बित कर दिया जाता है और इसके साथ ही जिन राज्यों में निरीक्षण अधिकारियों के द्वारा ऐसे सेम्पल एकत्रित किए गए उनके अधिकार क्षेत्र में कम्पनियों के विरूद्ध न्यायालय में कानूनी प्रक्रिया अमल में लाई जाती है। कम्पनियों को उनके विनिर्माण प्रक्रिया की समीक्षा के निर्देश जारी किए जाते हैं।स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हिमाचल देश का फामार्सुटिकल हब है और प्रदेश में लगभग 33 प्रतिशत दवाओं का निर्माण किया जाता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा किए गए सर्वे के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर नॉट-ऑफ-स्टैंडर्ड क्वालिटी की प्रतिशतता 3.16 प्रतिशत है, इसकी तुलना में गत तीन वर्षों के दौरान प्रदेश की प्रतिशतता 1.22 प्रतिशत है जोकि राष्ट्रीय प्रतिशतता से 50 प्रतिशत से भी कम है। उन्होंने कहा कि अवमानक गुणवत्ता के रूप में घोषित किए गए नमूनों से सम्बंधित डाटा केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन को प्रस्तुत किया जाता है जिसे नियमित रूप से वैबसाइट में प्रदर्शित किया जाता है ताकि लोगों को अवमानक दवाइयों की जानकारी मिल सके।बैठक में प्रदेश के दवा विक्रेताओं को नशे में दुरूपयोग होने वाली सम्भावित दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने पर पर्ची पर स्टेंप लगाने की आवश्यकता पर भी विचार विमर्श किया गया ताकि एक ही पर्ची पर बार-बार दवाओं की खरीद को रोका जा सके।

# नैहरियां रोड़ पर बाइक की टक्कर से राहगीर की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**हादसा**

**पुलिस थाना अंब के तहत नैहरियां रोड़ पर बाइक की टक्कर से राहगीर व्यक्ति की मौत हो गई।**

**ऊना:** पुलिस थाना अंब के तहत नैहरियां रोड़ पर बाइक की टक्कर से राहगीर व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि बाइक चालक जख्मी हुआ है। मृतक व्यक्ति की पहचान मोती लाल उर्फ मनका निवासी कुठेड़ा खैरला के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में पोस्टमार्टम करवाकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मोती लाल उर्फ मनका बुधवार देर रात्रि नैहरियां रोड़ पर सडक क्रॉस कर रहा था। इसी दौरान अंब चौंक की तरफ से एक बाइक आई और सडक पार कर रहे मोती लाल को टक्कर मार दी। हादसे में मोती लाल व बाइक चालक विनय शर्मा घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में लाया गया, जहां पर उपचार के दौरान मोती लाल को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि बाइक चालक विनय शर्मा का उपचार जारी है। डीएसपी अंब वसूधा सूद ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। वहीं बाइक चालक विनय शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




## देश है तो धर्म है, धर्म है तो हम सबः योगी



**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्याः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सामर्थ्य के अनुसार देश व धर्म के लिए कुछ करने के साथ ही समाज और हर एक को जोड़ने की आवश्यकता है। देश है तो धर्म है, धर्म है तो हम सब हैं। हमारा ध्येय सनातन धर्म की रक्षा और भारत को विकास के परम वैभव तक पहुंचाने का होना चाहिए। सीएम ने जाति के नाम पर बांटने वालों से बचने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को जानकी महल में आयोजित श्रीरामजानकी विवाह उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार का भव्य आयोजन आज जनकपुर धाम में भी हो रहा है। छह वर्ष पूर्व भारत व यूपी सरकार के योजनान्तर्गत विवाह पंचमी पर जनकपुर धाम में जाने और मां जानकी के भव्य मंदिर के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। आज जानकी महल में विवाह पंचमी कार्यक्रम में फिर से जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

अनेक पूज्य संतों व आयोजनों का केंद्र बिंदु रहा जानकी महल

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहाकि श्रीरामजन्मभूमि आंदोलन के दौरान इसे नई ऊंचाई तक पहुंचाने में यह महत्वपूर्ण केंद्र बिंदु था। मेरे पूज्य गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ जी महाराज रामजन्मभूमि आंदोलन से संबंधित किसी महत्वपूर्ण बैठक या आंदोलन के लिए आते थे तो अक्सर वे रात्रि विश्राम जानकी महल में ही करते थे। यह अनेक पूज्य संतों व आयोजनों का केंद्र बिंदु रहा है। 22 जनवरी को हर सनातन धर्मावलंबी पूर्वजों के प्रति ज्ञापित कर रहा था कृतज्ञता

सीएम योगी ने कहा कि यह वर्ष बहुत महत्वपूर्ण रहा। जब 22 जनवरी 2024 को पीएम मोदी के करकमलों से अयोध्या धाम में मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम लला के रूप में विराजमान हो चुके हैं।

## बांटने वाले तत्व पहले से खड़े हैं: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्याः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कि 500 वर्ष पहले बाबर के सिपहसालार ने अयोध्या, संभल में जो कृत्य किया था और जो काम आज बांग्लादेश में हो रहा है, तीनों की प्रकृति-डीएनए एक जैसा है। कोई मानता है कि यह बांग्लादेश में हो रहा है तो गलतफहमी में न रहे। यहां भी बांटने वाले तत्व पहले से खड़े हैं। वे सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न और सामाजिक एकता को तोड़कर, आपको बांटकर फिर काटने व कटवाने का इंतजाम भी कर रहे हैं। बांटने वाले बहुत सारे लोग ऐसे हैं, जिन्होंने दुनिया के कई देशों में प्रॉपर्टी खरीद रखी है। हां संकट आएगा तो वे वहां भाग जाएंगे और मरने वाले मरते रहेंगे, लेकिन हम प्रभु के आदर्शों से प्रेरणा लेकर उसके अनुरूप खुद को तैयार करते हुए पीएम मोदी के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के निर्माण में योगदान देंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामायण मेला समिति द्वारा आयोजित 43वें रामायण मेला का गुरुवार को रामकथा पार्क में शुभारंभ किया।

इस दौरान सीएम ने पुस्तिका का विमोचन भी किया।

सीएम ने रामायण मेला समिति को आश्वस्त किया कि अयोध्या में कुछ नया लेकर आइए, सरकार सदा आपके साथ है। उन्होंने रामायण पर शोध की आवश्यकता पर बल दिया। सीएम ने कहा कि अयोध्या धाम को पुरातन गौरव प्राप्त हो। इसके लिए सरकार नित कार्य कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि भगवान राम ने पूरे भारत व समाज को जोड़ने का कार्य किया।

